Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

वर्ष: 6 अंक: 250 | गुरूवार, 11 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# सेना के हाथ में नेपाल पूरे देश में लगा कर्फ्यू

## जीईएन-जेड का प्रस्ताव- हिंदू राष्ट्र और सुशीला कार्की को पीएम से कम कुछ नहीं

**नई दिल्ली।**

नेपाल में भ्रष्टाचार, प्रभावशाली हस्तियों की विलासितापूर्ण जीवन शैली और इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों पर प्रतिबंध के कारण युवाओं के दो दिनों तक चले हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सेना ने देश की सुरक्षा संभाल ली है। पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया गया है, सेना सड़कों पर गश्त कर रही है और हालात सामान्य होते दिख रहे हैं। राजधानी काठमांडू की सड़कों पर बुधवार को सन्नाटा पसरा रहा।

इसमें नेपाल की पूर्व एवं प्रथम महिला न्यायाधीश सुशीला कार्की को प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव है। गौरतलब है कि मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, राष्ट्रपति कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास, सरकारी भवनों, सुप्रीम कोर्ट, राजनीतिक दलों के कार्यालयों और वरिष्ठ नेताओं के घरों में आग लगा दी थी। इसके चलते प्रधानमंत्री ओली को इस्तीफा देना पड़ा था। फिर भी हालात नहीं सुधरे। बुधवार दोपहर



तक हिंसा होती रही और मरने वालों की संख्या 19 से बढ़कर 30 हो गई। इस्तीफे के बाद से ओली सामने नहीं आए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने काठमांडू के विभिन्न हिस्सों से लूटपाट, आगजनी और तोड़फोड़ में शामिल 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान काठमांडू में पकड़े गए लोगों के पास से 3.37 लाख रुपये नकद, 31 हथियार, मैगजीन और गोलियां बरामद की गई हैं। बैठक में सदस्यों ने कहा कि नेपाल की सांस्कृतिक विरासत हिंदू राष्ट्र से है, इसलिए नए संविधान में यह जरूर होना चाहिए। ञ्जील्ल- सदस्यों ने संसद भवन में नरसंहार का आरोप लगाते हुए आदेश देने वाले तत्कालीन प्रधानमंत्री, गृह मंत्री को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। बैठक में कहा गया कि नेपाल की जनता के पैसे से अपनी तिजोरी भरने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। पहले चरण में 46 वर्षों से सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों की संपत्ति की जांच कराई जाए और उनके विरुद्ध कार्रवाई हो। नेपाल में हुए सभी भ्रष्टाचार की स्वतंत्र और न्यायिक जांच कराकर कठोरतम कार्रवाई की जाए। प्रस्ताव किया गया कि प्रांतीय संरचना समाप्त कर केवल स्थानीय और संघीय व्यवस्था ही रहे। किसी भी व्यक्ति को प्रधानमंत्री के रूप में दो कार्यकाल से अधिक न मिलें।

### नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रस्ताव

जेन–जी की वर्चुअल बैठक में नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने के साथ कई प्रस्ताव पास किए गए है। इसमें नेपाल की वर्तमान संसद भंग करना, दो महीने में नया संविधान तैयार करके छह माह में संसदीय चुनाव कराना प्रमुख है। यह प्रस्ताव सेना अथवा अंतरिम सरकार के प्रतिनिधियों के पास पहुंचा है या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन सेना ने उन्हें गुरुवार को आने को कहा। बिजली बोर्ड के पूर्व प्रमुख कुलमन घीसिंग भी अंतरिम प्रधानमंत्री पद की दौड़ में हैं।

## बिहार में बनेगी नई फोर लेन सड़क, 1433 करोड़ की लागत से छह योजनाएं बदलेंगी तस्वीर



**पटना सिटी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार की दोपहर दीदारगंज में आयोजित कार्यक्रम में राज्य पथ संख्या 106 से जुड़े पुराने दीदारगंज से फतुहा, बख्तियारपुर और करजान पथ को फोर लेन में विकसित करने की योजना का शिलान्यास किया। इस सड़क का निर्माण 1065 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीदारगंज से करजान तक फोरलेन पथ के चौड़ीकरण हो जाने से यातायात व्यवस्था सुगम हो जाएगी। बख्तियारपुर में एलिवेटेड और बाईपास तथा फतुहा में फ्लाईओवर बनने से लोगों का आवागमन सरल हो जाएगा। इस पुराने एनएच की उपयोगिता बढ़ जाएगी। शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री ने हाइवे पर चढ़ कर गंगा में बढ़े जलस्तर को देखा। मुख्यमंत्री ने पटना जिला अंतर्गत 1433 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से छह विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीदारगंज-फतुहा बख्तियारपुर-करजान पथ के बाईपास का स्थल निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## मुंबई नौसेना बेस से इंसास राइफल और मैगजीन चोरी



### अग्निवीर समेत उसका भाई गिरफ्तार

**मुंबई।**

कोलाबा इलाके में भारतीय नौसेना के उच्च सुरक्षा वाले आवासीय क्षेत्र से एक इंसास राइफल और 20-20 राउंड की दो मैगजीन चोरी होने के कुछ दिनों बाद, अपराध शाखा-सीआईडी ने मामले में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 22 वर्षीय राकेश दुब्बुला और 25 वर्षीय उमेश दुब्बुला (25) को तेलंगाना के आसिफाबाद जिले में उनके घर से गिरफ्तार किया। भारतीय नौसेना की पश्चिमी नौसेना कमान का मुख्यालय मुंबई में है। यहां नगर आवासीय क्षेत्र से राइफल और गोला-बारूद की चोरी एक बड़ी सुरक्षा चूक थी। यह घटना 6 सितंबर को हुई, जब मुंबई में गणेश विसर्जन का त्योहार मनाया जा रहा था। राकेश एक अग्निवीर हैं और वर्तमान में कोच्चि नौसेना बेस पर तैनात हैं। इससे पहले, वह अगस्त 2024 से फरवरी 2025 तक दक्षिण मुंबई में नौसेना क्षेत्र में तैनात थे और यहां संतरी की ड्यूटी कर चुके थे। मुंबई में सेवा देने के कारण, वह क्षेत्र और ड्यूटी राउंड से परिचित थे। पुलिस के अनुसार, राकेश और उमेश क्रमशः 5 और 6 सितंबर को मुंबई पहुंचे थे। राकेश ने अपने आई-कार्ड का इस्तेमाल करके परिसर में प्रवेश किया और ड्यूटी पर तैनात संतरी के पास पहुँचा। उसने दावा किया कि वह उसका रिलीवर है।

## दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन

**न्यूयॉर्क।** वेल्थ ट्रैकर ब्लूमबर्ग की ताजा रैंकिंग के मुताबिक, दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज अब एलन मस्क से छिनकर सॉफ्टवेयर दिग्गज और ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन के सिर सज गया है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, एलिसन की संपत्ति अब 393 अरब अमेरिकी डॉलर है। हालांकि, फोर्ब्स के मुताबिक, मस्क अभी भी 439 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ शीर्ष पर हैं। जबकि, ब्लूमबर्ग ने उनकी संपत्ति 385 अरब अमेरिकी डॉलर बताई है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज अब एलन मस्क से छिनकर सॉफ्टवेयर दिग्गज और ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन के सिर पर सज गया है। वेल्थ ट्रैकर ब्लूमबर्ग की ताजा रैंकिंग के मुताबिक, बुधवार (स्थानीय समयानुसार) तड़के ओरेकल के शेयरों में अचानक जोरदार उछाल आया, जिसके बाद एलिसन की संपत्ति कई अरब डॉलर बढ़ गई और उन्होंने मस्क को पीछे छोड़ दिया। ब्लूमबर्ग के अनुसार, कॉलेज ड्रॉपआउट 81 वर्षीय एलिसन की संपत्ति अब 393 अरब अमेरिकी डॉलर है।

## आज मॉरीशस के प्रधानमंत्री से मिलेंगे पीएम नरेंद्र मोदी



**वाराणसी।**

मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम भारत की राजकीय यात्रा पर हैं और वे काशी में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को वाराणसी में अपने मॉरीशस के समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम की मेजबानी करेंगे। रामगुलाम भारत की राजकीय यात्रा पर हैं और पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस ऐतिहासिक शहर में यह मुलाकात स्थायी सभ्यतागत जुड़ाव, आध्यात्मिक बंधन और लोगों के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और अनूठे संबंधों को आकार दिया है।रामगुलाम 16 सितंबर तक भारत में रहेंगे। बयान में कहा गया है कि अपनी द्विपक्षीय चचाओं के दौरान मोदी और रामगुलाम सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करेंगे, जिसमें विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## अब 200 से अधिक उपग्रहों से मिलेगा भूमि अवलोकन डेटा, आपदा प्रबंधन और कृषि सहित इन क्षेत्रों में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।**

भूमि अवलोकन डेटा अब 200 से अधिक उपग्रहों से उपयोगकताओं के लिए उपलब्ध होगा। भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) समाधान फर्म ईएसआरआई ने इसके लिए हैदराबाद स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप ध्रुव स्पेस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ईएसआरआई इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार ने कहा कि इस पहल से शहरी नियोजन, आपदा प्रबंधन, कृषि और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष-आधारित डेटा को अपनाने



में तेजी आएगी। इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, ध्रुव स्पेस अपनी एस्ट्राव्यू वाणिज्यिक उपग्रह इमेजरी सेवा को बढ़ावा देने के लिए ईएसआरआई इंडिया की उन्नत आर्कजीआईएस तकनीक का लाभ उठाएगा। कुमार ने कहा कि ध्रुव स्पेस की पूर्ण-स्टैक क्षमताओं के साथ हमारी आर्कजीआईएस तकनीक की ताकत को मिलाकर, हमारा उद्देश्य विभिन्न उद्योगों में नियम निमार्ताओं को समय पर उच्च गुणवत्ता वाली भू-स्थानिक जानकारी प्रदान करना है। ध्रुव स्पेस के मुख्य परिचालन अधिकारी और सह-संस्थापक, कृष्णा तेजा पेनामाकुरु ने कहा, ‘इस एकीकरण से जीआईएस से संबंधित कार्यों के लिए चित्र और डेटा अधिक सुलभ हो जाएँगे। इससे उपयोगकताओं को डेटा की अधिक स्पष्टता से व्याख्या और उपयोग करने में मदद मिलेगी।

## काठमांडू में फंसे भारतीयों के लिए स्पेशल उड़ानें शुरू

**नई दिल्ली।**

नेपाल में पिछले दो दिनों से हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन को देखते हुए काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों भारतीय यात्रियों के फंसे होने की खबर है।

ऐसे में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत की निजी एयरलाइंस एयर इंडिया और इंडिगो ने काठमांडू हवाई अड्डे से भारतीयों को निकालने का काम शुरू कर दिया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू



ने कहा है कि, बुधवार शाम से एयर इंडिया और इंडिगो के सहयोग से अतिरिक्त उड़ानें संचालित की जा रही हैं ताकि भारतीय यात्रियों को देश वापस लाया जा सके। ये उड़ानें अगले कुछ दिनों तक चलेंगी। इसके साथ ही पहले से निर्धारित उड़ान सेवाएं भी गुरुवार से सामान्य होने की संभावना है। नायडू ने यह भी बताया है कि एयरलाइंस को हवाई किराए को संतुलित रखने और उनमें बहुत अधिक वृद्धि न करने को कहा गया है। एयर इंडिया ने यह भी बताया है कि वह अतिरिक्त उड़ानों से अपने यात्रियों को काठमांडू से भारत लाने जा रही है। नेपाल के मौजूदा हालात को देखते हुए निजी टूर ऑपरेटरों के जरिए मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्रियों को आगाह किया गया है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने भी इस संबंध में एक सूचना जारी की है।

## दुनिया में जारी संघर्षों पर मोहन भागवत का बड़ा बयान

# भारत आज की महाशक्तियों जैसा नहीं बनेगा

**नागपुर।**



### रास्ता भगवान शिव और भारत के पास

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि भारत का चरित्र सेवा या निस्वार्थ सेवा में निहित है। भारत की यही भावना आज की महाशक्तियों की तरह बनने के बजाय तटस्थता से विश्व की सेवा करने में विश्वास रखता है। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि विज्ञान और ज्ञान के अन्य क्षेत्रों में प्रगति और मानव के पास सब कुछ होने के बावजूद दुनिया में अभी भी झगड़े जारी हैं। भागवत ने कहा कि भारत दुनिया को एक नया रास्ता दिखाएगाऔर जहां दुनिया उसे गुरु कहेगी, वहीं भारत उसे मित्र कहेगा। वह नागपुर में आर्ट आफ लिविंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम सोमनाथ ज्योतिर्लिंग महा रुद्र पूजा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। आरएसएस प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि मानव जीवन एक गहरे अपनेपन की भावना पर आधारित है और आज विश्व इसी रिश्ते के लिए तरस रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 2,000 वर्षों में दुनिया जिस प्रवाह में चली, वह प्रवाह अधूरी चीजों पर आधारित था। इसलिए वे सोचते हैं कि हर कोई अलग है और हर किसी का अपना हित है और जो शक्तिशाली हैं वे अपने हितों को प्राप्त करेंगे और जो कमजोर हैं वे मर जाएंगे। यही दुनिया का नियम है, यही वे सोचते हैं। भागवत ने कहा कि देश के प्राचीन ऋषियों और पूर्वजों ने ज्ञान-आधारित समाज का निर्माण किया और दुनिया भारत को देखकर ही शांति और स्थिरता का अनुभव कर सकती है।

## मोदी और नीतीश की जोड़ी से सबकी हवा टाइट



**शाहकुंड।**

भागलपुर जिले के शाहकुंड प्रखंड के अंबेडकर स्टेडियम में बुधवार को आयोजित सुल्तानगंज विधानसभा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष साह ने, जबकि मंच संचालन जदयू जिला अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह एवं शैलेन्द्र तोमर ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार की प्रगति और विकास के लिए जो कार्य किए हैं, वह जनता के सामने स्पष्ट है। इस शासनकाल में बिहार की जनता ने राहत महसूस की है और खुशहाली आई है।

### 225

सीटें लाकर भारी बहुमत से जीतने का आह्वान किया विधानसभा चुनाव में एनडीए ने

## संपादक की कलम से

# अब आंदोलन नहीं, हिंसक अपराध

ने पाल के युवाओं का आंदोलन समझ में आता है, मुद्दे और मांग भी वाजिब हैं, लेकिन जिस तरह यह विद्रोह हिंसक और विध्वंसक हुआ है, लोकतांत्रिक समाज में वह कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकता। ऐसा आभास होता है मानो युवा पूरे ही नेपाल को जला कर खाक कर देना चाहते हैं और उनके स्थान पर नई व्यवस्था कायम करना चाहते हैं! किसी भी निर्माण के लिए विध्वंस अनिवार्य नहीं है। जो कल तक नेपाल के राष्ट्रपति,



ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री और मंत्री थे, उनके निजी आवास फूंक दिए गए। क्यों उनके परिजनों का अपराध क्या था? पूर्व प्रधानमंत्रियों–शेर बहादुर देउबा, झालानाथ, प्रचंड, बाबूराम भट्टराई–के भी घर आग के हवाले कर दिए गए। देउबा को तो बीच सडक पर खूब पीटा भी गया। पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ की पत्नी राजलक्ष्मी को जिंदा जलाया गया। बाद में उनकी मौत हो गई। उनका कसूर क्या था? वित्त मंत्री को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा गया। गृह, संचार, विदेश आदि मंत्रियों के घर भी आग की लपटों के हवाले कर दिए गए। यह आंदोलन है? ये सभी नेपाल के जन–प्रतिनिधि थे। नेपाल की जनता ने ही जनादेश दिए थे। यदि वे भ्रष्ट, ऐयाश और जन–विरोधी थे, तो आंदोलन ने उनके इस्तीफे करा दिए। अंततः न्याय तो अदालत करेगी। उनके घर खंडहर कर दिए गए अथवा जला कर खाक कर दिए गए। इससे आंदोलित युवाओं को क्या हासिल होगा? रोजगार, रोटी कैसे मिलेगी? महंगाई और भुखमरी कैसे कम होगी? अंततः नेपाल को न्याय कैसे मिलेगा? प्रदर्शनकारी पीढ़ी ने आवेश–आक्रोश में अंधा होकर संसद भवन, सर्वोच्च अदालत और नेपाल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक पहचान के प्रतीक सिंह दरबार को भी आग की लपटों में घेर दिया। यदि जेनरेशन जेड को इंसाफ की दरकार थी, तो वह सर्वोच्च अदालत से ही संभव था। शुक्र है कि न्यायाधीशों पर निजी हमले नहीं किए गए! संसद भवन तो नेपाल के गणतांत्रिक स्वरूप का सर्वोच्च मंदिर रहा है। अब नए चुनाव होंगे, युवा चेहरे भी सांसद चुने जाएंगे, तो वे कहां बैठ कर देश के लिए कानून बनाएंगे या किस सदन में मुद्दों और समस्याओं पर बहस कर सकेंगे? आंदोलनकारियों ने थानों, बैंकों, मॉल्स में तोडफोड़ की, लूटपाट मचाई। नेपाली युवाओं की दयनीय स्थिति के लिए ये संस्थान कैसे दोषी, जिम्मेदार हैं? हमें लगता है कि अब यह आंदोलन नहीं, डकैती और हिंसक अपराध हैं। अब कई हथियारबंद चेहरे आंदोलन का नेतृत्व करते दिख रहे हैं। क्या हथियारबंद क्रांति का आह्वान किया गया था? उपद्रवी तो ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर में भी घुसने वाले थे, उन्हें सेना ने किसी तरह काबू किया। तितर–बितर कर दिया। अब ऐसा लगता है कि आंदोलनकारी पूरे नेपाल को ही जला कर खाक करना चाहते हैं, ताकि नया नेपाल, नई व्यवस्था बनाई जा सके। काठमांडू हवाई अड्डे से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बंद करना पड़ा था। एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। करीब 700 भारतीय यात्री फंसे हैं। विदेश मंत्रालय ने अपील जारी की है कि फिलहाल नेपाल–यात्रा को स्थगित कर दें। प्रधानमंत्री मोदी को कैबिनेट की सुरक्षा समिति की बैठक तुरंत बुलानी पड़ी। समिति ने सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर विमर्श किया। नेपाल सीमा के क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। गहन जांच–पड़ताल की जा रही है। भारत नेपाल को 600 मेगावाट बिजली देता है और 90 फीसदी पेट्रोल–डीजल की जरूरतों को पूरा करता है।

# नेक्स्टजेन जीएसटी सुधार केवल कर सुधार नहीं बल्कि राष्ट्र-निर्माण को तेज रफ्तार देने का परिचायक

आपको पता है कि किसान वर्ग जो भारत की रीढ़ समझे जाते हैं, सुधारों के केंद्र में हैं। उनके फायदे के लिए ही ट्रैक्टर, सिंचाई प्रणालियों, खाद और कीटनाशकों पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे खेती की लागत घटेगी और ग्रामीण समृद्धि बढ़ेगी। मौजूदा नेक्स्टजेन जीएसटी सुधार केवल कर सुधार नहीं बल्कि राष्ट्र-निर्माण को तेज रफ्तार देने का परिचायक है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थ भारत के सपनों को पंख लगाने वाला वह निर्णायक उपाय है जिसका सकारात्मक असर बहुत जल्द ही देश-दुनिया पर दिखाई पड़ेगा। बता दें कि 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक, जो गत 3 सितम्बर 2025 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित हुई, ने नेक्स्टजेन जीएसटी सुधारों की घोषणा की। जिसके दृष्टिगत यह कहा जा सकता है कि यह भाजपा सरकार का एक साहसिक, ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है, जिसने भारत की आधुनिक आर्थिक क्रांति के निमार्ता के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत किया है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक लाल किले के संबोधन में घोषित और आगामी 22 सितम्बर 2025 अर्थात नवरात्रि के पहले दिन से लागू होने वाले ये सुधार वास्तव में 140 करोड़ भारतीयों के लिए राहत और समृद्धि का पर्व हैं। ऐसा इसलिए कि भाजपा नीत एनडीए के नेतृत्व वाली मोदी सरकार ने पुराने जटिल कर ढांचे को सरल बनाकर नागरिकों के अनुकूल 2-स्लैब संरचना में बदल दिया है। इसके तहत आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत और सामान्य वस्तुओं और सेवाओं पर 18 प्रतिशत और केवल विलासिता एवं हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है। इस प्रकार से यह वर्ष 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार है। ऐसा होने से दैनिक आवश्यक वस्तुएँ, जैसे- दूध, चावल, आटा, चाय, दही, किताबें और भारतीय रोटियाँ अब या तो कर-मुक्त हैं या सिर्फ 5 प्रतिशत पर कर लग रहा है। यह पीएम मोदी जी की गरीब और मध्यम वर्ग के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है ताकि कोई भी भारतीय परिवार अपनी रोजमर्रा की जरूरतों से बोझिल न हो। यह भाजपा सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की प्रतिबद्धता का दोहराव भी है। खास बात यह है कि अब स्वास्थ्य सेवाएँ भी सुलभ हुई हैं। क्योंकि सभी स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियाँ कर-मुक्त कर दी गई हैं और जीवनरक्षक दवाओं पर भी जीएसटी शून्य कर दिया गया है। इस प्रकार भाजपा नीत एनडीए सरकार ने आम आदमी के दुःख-दर्द के प्रति अपनी जो गहरी संवेदनशीलता दिखाई है और संकट की घड़ी में गरिमा और राहत सुनिश्चित की है, वह सराहनीय है। लगता है कि सरकार पर आरएसएस का बौद्धिक दबाव काम कर गया है। आपको पता है कि किसान वर्ग जो भारत की रीढ़




*सवाल है कि जब दुनिया मंदी से जूझ रही है, तब भाजपा शासन में भारत 7.8 प्रतिशत की दर से सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। यह मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की निर्णायिक और दूरदर्शी शासनशैली का प्रमाण है। ऐसे में कहना न होगा कि यूपीए बनाम एनडीए का फर्क अब साफ महसूस किया जाएगा। क्योंकि यूपीए के दौर में जहां आटा, चावल और चाय पर वैट लगाया जाता था; वहीं अब एनडीए सरकार में वे कर–मुक्त हैं। स्पष्ट है कि कांग्रेस ने केवल वादे किए, जबकि भाजपा ने वास्तविक परिवर्तन लाकर दिखाया। और अंततः यह कहना समीचीन होगा कि नेक्स्टजेन जीएसटी सुधार केवल कर सुधार नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र–निर्माण की तेज रफ्तार के परिचायक बन चुके हैं। ये पहल हर नागरिक को राहत, हर उद्योग को प्रोत्साहन देते हैं और भारत को ₹विकसित भारत 2047' के सपने के और करीब ले जाते हैं। इस प्रकार यह महसूस किया जा सकता है कि देश में एक ही पार्टी की डबल इंजन सरकार और ट्रिपल इंजन सरकार बनने से विकास अब धरातल पर पहुंच चुका है। यह गरीबों की झोपड़ियों में भी बहुत जल्द ही दिखाई देने वाला है।*

समझे जाते हैं, सुधारों के केंद्र में हैं। उनके फायदे के लिए ही ट्रैक्टर, सिंचाई प्रणालियों, खाद और कीटनाशकों पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे खेती की लागत घटेगी और ग्रामीण समृद्धि बढ़ेगी। इससे स्पष्ट हो गया है कि यह लोकहितैषी सरकार वास्तव में किसानों के साथ खड़ी है। वहीं, गृहिणियों और परिवारों को भी इस जीएसटी सुधार से सीधा लाभ मिला है। क्योंकि साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, साइकिल, रेफ्रिजरेटर, टीवी और वॉशिंग मशीन जैसी घरेलू वस्तुएँ अब सस्ती होंगी। इस प्रकार भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने यह कर दिखाया है कि वह हर भारतीय परिवार के सरल जीवन यापन (इज ऑफ लिविंग) की परवाह करती है और टैरिफ के मामले में अमेरिकी झटका लगने के बावजूद वह जनकल्याण को समर्पित है। यह आम भारतीयों के लिए सौभाग्य की बात है। आरएसएस-भाजपा जैसे जमीनी संगठनों से ऐसे ही सकारात्मक बदलाव की उम्मीद साल 2014 से ही की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी हुई है। इस जीएसटी सुधार से युवा आकांक्षाओं की पूर्ति होने में भी मदद मिली है, क्योंकि छोटी कारों और मोटरसाइकिलों पर जीएसटी में कटौती से वे पहली बार खरीदारों के लिए सस्ती होंगी। वहीं, इनकी बढ़ती मांग से रोजगार भी पैदा होंगे, जो मोदी जी की युवा सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वहीं, हालिया बदलाव से तेज रफ्तार अवसंरचना विकास को भी बल मिलेगा, क्योंकि सीमेंट पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे आमलोगों के घरों की लागत कम होगी और खास लोगों को भी अतिरिक्त बचत का मौका मिलेगा। इससे निकट भविष्य में अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की गति बढ़ेगी, जिससे लाखों रोजगार सृजित होंगे। बतातें चलें कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अवसंरचनात्मक विकास सिर्फ नीति नहीं बल्कि राष्ट्र-निर्माण का मजबूत मिशन भी है। अर्थशास्त्रियों की राय है कि मौजूदा अभूतपूर्व जीएसटी बदलाव से एमएसएमई रोजगार की रीढ़ समझे जाने वाले छोटे छोटे व्यवसायों को भी काफी लाभ मिलेगा। इससे उनको आशातीत विकास का अवसर मिला है। वहीं, जीएसटी के सरल अनुपालन, एआई आधारित निगरानी और तेज रिफंड से कांग्रेस के लंबे उपेक्षा काल के बाद, भाजपा सरकार ने इन्हें नवाचार, विस्तार और मजबूती दी है, जो सराहनीय पहल बताई जा रही है। कहना न होगा कि ये सभी सुधार सीधे तौर पर भाजपा की आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी प्रमुख योजनाओं का पूरक समझी जाती हैं। इसलिए लागत घटाकर और लालफीताशाही कम करके पीएम मोदी जी ने दिखाया है कि सुधार सिर्फ नारे से नहीं बल्कि वास्तविक कार्रवाई की वजह से आती हैं। मौजूदा जीएसटी सुधार से कपड़ा और उर्वरक उद्योग, जो लंबे समय से उल्टे कर ढांचे से जूझ रहे थे, को भी लाभ मिलेगा, क्योंकि अब उन्हें भी जीएसटी दरों के युक्तिकरण से सीधा लाभ मिलेगा। इस प्रकार यह न सिर्फ उद्योग को बढ़ावा देता है बल्कि भाजपा की निर्णायक और उत्तरदायी शासनशैली को भी दशार्ता है। सरकार की इस पहल से मध्यम वर्ग का भी सशक्तिकरण होगा। ऐसा इसलिए कि कांग्रेस, जिसने मध्यम वर्ग को टैक्स मशीन की तरह इस्तेमाल किया, उसके विपरीत भाजपा नीत एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उन्हें बेमिसाल राहत दी है, क्योंकि अब आवश्यक वस्तुएँ कर-मुक्त हैं और आकांक्षी वस्तुएँ सस्ती। इससे कारोबार में भी इजाफा होगा। वहीं, जीएसटी सरलीकरण से भारत की लॉजिस्टिक लागत कम हुई है, जिससे भारतीय वस्तुएँ वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनी हैं। एक बार फिर, भाजपा के जीएसटी सुधारों ने भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दृष्टि को साबित किया है। महत्वपूर्ण बात यह कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (ॠरळअळ) दिसंबर 2025 तक शुरू किया जाएगा। इसके लिए भाजपा सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि वर्षों से झेली जा रही परेशानियों का अंत हो और व्यवसायों को न्याय, पारदर्शिता और तेज समाधान मिले। जहां तक महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण का सवाल है तो सरल जीएसटी और आसान क्रेडिट पहुँच से महिला नेतृत्व वाले एमएसएमई को विस्तार, रोजगार और नवाचार का अवसर मिलेगा। यह प्रधानमंत्री मोदी जी की 'नारी शक्ति भारत की प्रगति की चालक है' वाली सोच से जुड़ा है। जहां तक इस सामूहिक सरकारी फैसले के सामूहिक आर्थिक प्रभाव का सवाल है तो नेक्स्टजेन जीएसटी सुधारों से जीडीपी में 1-1.2 प्रतिशत की वृद्धि और महंगाई में 1 प्रतिशत से अधिक की कमी का अनुमान है। यह भाजपा सरकार की विकास और स्थिरता के संतुलित दृष्टिकोण को दशार्ता है।

## मोनिका डागा आनंद



### श्राद्ध पक्ष

### कविता

देने शुभ आशीर्वाद अपने वंशजों को सारे,
श्राद्ध पक्ष में धरती पर आते पूर्वज हमारे,
करते हैं वो शांति सुख समृद्धि की कामना,
रखना तुम भी सच्ची श्रद्धा प्रेम की भावना।

फलते–फूलते रहे हमारे सारे बच्चे प्यारे–प्यारे,
सदा ही बने वो प्राणियों के रक्षक और सहारे,
पिंडदान और तर्पण श्रद्धा से तुम भी करना,
अपने मन का दर्पण स्वच्छ व निर्मल रखना।

भूल चूक जो हुई तो पितर सदा माफ करते,
अपने बच्चों के प्रेम भाव को स्वीकार करते,
क्षमा याचना तुम भी निःसंकोच उनसे करना,
अपनी गलतियों को स्वीकारने से मत डरना।

आशीष सदा पूर्वजों का अपनों पर नित बरसे,
परिवार का हर एक सदस्य रहे खुशहाल मन से,
आदर कृतज्ञता ₹आनंद₹ पूर्वजों के प्रति रखना,
ये मनुज जन्म जो पाया आभार भी व्यक्त करना।

कुशलता से सभी जिम्मेदारियों को निवृत्त करके,
मान रखना तुम अपनी परम्पराओं का बढ़ चढ़के,
ताकि पूर्वजों का चित हो शांत व प्रसन्नता से भरा,
गमन हो दिव्य मार्ग की ओर सुगम सुखमय हरा।

# मम्मी के ये छोटे-छोटे जुगाड़ किचन के काम को बनाएंगे एकदम आसान



अगर आप भी अक्सर रोटी इसलिए नहीं बनाकर रखती हैं, क्योंकि ठंडी होकर वह उतनी नरम नहीं रहती है तो अब ये तरीका अपनाएं। गरमागरम रोटी बनते ही उसे तुरंत साफ किचन टॉवल में लपेट दो या फिर गरम कसेरोल में रख दो। किचन में खाना बनाना खाना खाने जितना आसान काम नहीं है। अगर रेसिपी में कुछ ही गड़बड़ होती है तो स्वाद पूरा ही बदल जाता है। इतना ही नहीं, कुकिंग करते समय कभी नमक ज्यादा हो जाता है तो कभी दूध का पतीला जल जाता है, तो कभी खाना बच जाता है। ऐसे में मम्मी के जुगाड़ बहुत ही काम आते हैं। इन जुगाड़ की मदद से टाइम, मेहनत और पैसे, तीनों की बचत हो जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मम्मी के कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे किचन से जुड़े जुगाड़ों के बारे में बता रहे हैं, जो यकीनन आपके भी बेहद काम आएंगे-

**रोटी को नरम रखने का जुगाड़:** अगर आप भी अक्सर रोटी इसलिए नहीं बनाकर रखती हैं, क्योंकि ठंडी होकर वह उतनी नरम नहीं रहती है तो अब ये तरीका अपनाएं। गरमागरम रोटी बनते ही उसे तुरंत साफ किचन टॉवल में लपेट दो या फिर गरम कसेरोल में रख दो। इसके अलावा, आप मम्मी की उस सीक्रेट ट्रिक का इस्तेमाल करें। मम्मी हमेशा आटे में जरा सा गुनगुना दूध जरूर डालती थी। इससे रोटी अगले दिन भी उतनी ही मुलायम और टेस्टी लगेगी।

**अदरक को हमेशा फ्रेश रखने का जुगाड़:** किचन में अदरक कई चीजों में इस्तेमाल होता है, इसलिए हम इसे अक्सर ज्यादा ही खरीद लेते हैं। लेकिन अक्सर फ्रिज में रखा अदरक भी जल्दी सूख जाता है। ऐसे में मम्मियों के इस जुगाड़ा को आजमाकर देखें। सबसे पहले अदरक को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इसे मिट्टी के किसी बर्तन में डाल दो और फिर उसे फ्रिज में रख दो। इस तरह अदरक कई हफ्तों तक ताजा बना रहता है। वह ना तो सूखता है ना ही उसका स्वाद खराब होता है।

**तेल वाली कड़ाही को धोने का जुगाड़:** तेल वाली कड़ाही को धोना इतना भी आसान नहीं होता। अक्सर हम उसमें बहुत सारा साबुन भी लगाते हैं, लेकिन इससे झाग तो निकलता है, पर चिकनाई साफ नहीं होती। ऐसे में मम्मी का वो पुराना नुस्खा आजमाकर देखो। बस एक पुराना कपड़ा लो और उस पर थोड़ा सा नमक छिड़को और कड़ाही पर अच्छे से रगड़ दो।

नमक तुरंत उस चिपचिपे तेल को खींच लेगा। इसके बाद बस इसे हमेशा की तरह धो लो।

# पैसे बचाकर सफेद जूतों के किनारों को चमकाएं, केमिकल-फ्री ये हैं कमाल के टिप्स



जूतों की चमक को वापस पाने के लिए लोग केमिकल क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप जूतों के एजज को चमका सकती हैं।

सफेद जूते दिखने और पहनने में जितने ज्यादा अच्छे लगते हैं, उतना ही उनका ध्यान रखना भी जरूरी होता है। क्योंकि एक छोटी सी गलती आपके सफेद जूतों के रंग-रूप को बदलकर रख सकता है। हालांकि आज के समय में सफेद जूते सिर्फ फुटवियर तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि यह एक स्टाइल स्टेटमेंट बन चुके हैं। किसी खास दिन पर अधिकतर लोग सफेद जूते पहनना पसंद करते हैं। क्योंकि चाहे वह कॉलेज हो, ऑफिस हो या फिर फ्रेंड पार्टी, यह हर लुक में चार चांद लगाने का काम करता है। लेकिन अगर सफेद जूते के किनारों पर गलती से कोई दाग लग जाए, तो इसको हटाना काफी मुश्किल हो जाता है। जूते के ऊपरी हिस्से पर लगे दाग को साफ करना थोड़ा आसान है, लेकिन किनारे पर लगे दागों को बिना रगड़े हटाना काफी मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में जूतों की चमक को वापस पाने के लिए लोग केमिकल क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप जूतों के एजज को चमका सकती हैं।

**ऐसे साफ करें जूते:** जूते के किनारे को चमकाने के लिए आप डिटर्जेंट और टूथपेस्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक कटोरी में बिना जेल वाला 2-3 चम्मच टूथपेस्ट लें। फिर इसमें एक चम्मच डिटर्जेंट डालकर मिक्स करें और पेस्ट बना लें। अब जूतों के किनारों को पानी की मदद से हल्का गीला करें और जो पेस्ट आपने बनाया है, उसको लगाकर फैलाएं। वहीं 10-15 मिनट इस पेस्ट को छोड़ने के बाद ब्रश की मदद से इसको रगड़ते हुए साफ करें। फिर कपड़ा गीला करके अच्छे से पोंछ लें या फिर धोकर धूप में सुखा लें। वहीं दूसरा आसान तरीका यह है कि आप जूतों के किनारे को साफ करने के लिए किचन में रखे नमक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक कटोरी में दो चम्मच नमक और 2 चम्मच नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को जूते के किनारे लगाकर 5-7 मिनट छोड़ दें। फिर ब्रश को हल्का गीला करके जूते के किनारे को रगड़ते हुए साफ करें।

# बुढ़ापे को बनाना है सेहतमंद तो जवानी से ही अपनाएं ये आदतें

अगर आप वाकई में अपने आपको बुढ़ापे में भी सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको शुरूआत से ही अपनी डाइट प्लान और लाइफस्टाइल पर ध्यान देना चाहिए। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि बुढ़ापे में किन-किन बीमारियों के खतरा अधिक बढ़ जाता है। बढ़ती उम्र के साथ ही कुछ बीमारियों लोगों की बॉडी पर अटैक कर देती हैं। इस तरह से बुढ़ापे में खतरनाक बीमारियों से खुद का बचाव करना जवानी की तुलना में काफी ज्यादा मुश्किल हो जाता है। इसलिए अगर आप वाकई में अपने आपको बुढ़ापे में भी सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको शुरूआत से ही अपनी डाइट प्लान और लाइफस्टाइल पर ध्यान देना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बुढ़ापे में किन-किन बीमारियों के खतरा अधिक बढ़ जाता है।

**डायबिटीज:** बढ़ती उम्र के साथ डायबिटीज जैसी साइलेंट किलर बीमारी के होने की संभावना भी बढ़ती जाती है। इस लाइलाज बीमारी से बचने के लिए आपको अपनी जवानी से हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करें। इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी और आप बीमारियों से बचे रहेंगे।

**आर्थराइटिस:** बढ़ती उम्र के साथ ही बोन हेल्थ के कमजोर होने के कारण आर्थराइटिस का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में अगर आप बुढ़ापे में आर्थराइटिस की समस्या से बचना चाहते हैं, तो आपको कैल्शिय रिच फूड आइटम्स को अपनी डेटी रूटीन डाइट में शामिल करना चाहिए। हेल्दी डाइट लेने से आप अपनी हड्डियों को मजबूत बना पाएंगे।

**हार्ट रिलेटेड डिजीज:** बढ़ती उम्र दिल से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकती हैं। ऐसे में अपने दिल के स्वास्थ्य को मजबूत बनाए रखने के लिए आपको अभी से अपनी रूटीन एक्सरसाइज में शामिल करना चाहिए। इसके अलावा बाहर की चीजों को खाने से परहेज करना चाहिए, जिससे आपकी हार्ट हेल्थ मजबूत हो पाए और आप हार्ट संबंधी बीमारियों की चपेट में आने से खुद को सुरक्षित रख पाएं।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी ने एफएलएन प्रशिक्षण का लिया जायजा

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की बीआरसी नेकपुर और जूनियर हाईस्कूल पदियानगला में संचालित शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार ने निरीक्षण कर व्यवस्था, गुणवत्ता और शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की।उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण कर इसे विद्यालयों में लागू करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाता केआरपी नवनीत कुमार विश्नोई ने हिंदी की पाठ्यपुस्तक 'वीणा' की इकाइयों हमारा पर्यावरण, हमारे मित्र, आओ खेलें, अपना-अपना काम और हमारा देश को गतिविधियों के जरिए समझाया। एआरपी श्रवण कुमार ने 'वीणा' की विषयवस्तु, पाठों के औचित्य और उनसे विकसित होने वाली दक्षताओं पर प्रकाश डाला। संदर्भदाता वसीम रजा ने 'गणित मेला' का परिचय देते हुए कक्षा 1 और 2 की निपुण सूची, मौखिक तर्कशीलता, ब्लेंडिंग और ग्रिड के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। मोहम्मद अनीस ने कक्षा 1 और 3 की पाठ्यपुस्तकों व कार्यपुस्तिकाओं की गतिविधियों और शिक्षण रणनीतियों को समझाया। वहीं, पारुल जैन ने अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक 'संतूर' की शिक्षण नीतियों और समावेशी वातावरण पर चर्चा की। एआरपी विनय कुमार ने निपुण भारत मिशन के संशोधित लक्ष्यों, गणित की प्रभावी शिक्षण प्रक्रिया और प्रिंट रिच सामग्री के महत्व को रेखांकित किया। निरीक्षण के दौरान मोहित कुमार ने शिक्षकों से प्रशिक्षण के उद्देश्यों को कक्षा में लागू कर विद्यालय को निपुण बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने व्यवस्थाओं और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी पर संतोष जताया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय पदियानगला के प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र और विज्ञान अध्यापक हिमांशु चौहान आदि मौजूद रहे।

# आइडेंटिटी एजुकेशनल एकेडमी अंडर 14 हॉकी गर्ल्स मंडलीय टीम से झांसी रवाना



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** आइडेंटी एजुकेशनल एकेडमी खेल जगत में उभरता हुआ नाम है मैनेजर मोहम्मद वकार ने बताया कि हम खिलाड़ियों को निःशुल्क शिक्षा और खेल सुविधाएं देते है। सब जूनियर बालिकाऐं को भी निशुल्क सुविधाएं दीं जा रही हैं। उन्होंने ने कहा की टीम ने 1 वर्ष स्टेडियम में अनुभवी प्रशिक्षक फरहत अली खान से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।। यह बालिकाएं इतने निर्धन परिवारों से आती हैं। इनकी खेलों में रुची देखकर नगर विधायक आकाश सक्सेना जी ने भी मदद की घोषणा की है। जिला अधिकारी भी खिलाड़ियों के लिए उत्साहित हैं। मुरादाबाद मंडल को बहुत आशा है की बालिकाएं अच्छा परिणाम देंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीम में गोल कीपर मशीयत फातिमा मुरादाबाद का नेतृत्व करेंगी रोशनी आंचल निविता माही किरन सिमरन शीतल गुंजन शीतल टीम मैनेजर मुस्कान कोच कशिश रहेंगी।

# घर में घुसकर बालक को गुलदार ने बनाया निवाला



वेलकम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद नया गांव में गुलदार ने 8 वर्षीय बालक पर मंगलवार की शाम को घर पर नल से पानी लेते समय हमला कर दिया। बुरी तरह से घायल को अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगाया। अफसरों ने ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। ग्राम पंचायत मथुरापुर मोर के नयागांव निवासी रवि का बेटा हर्ष अपने के घर में लगे नल से पानी ले रहा था। पीछे से आया गुलदार उसकी गर्दन पकड़कर भागने लगा। शोर मचाने पर गुलदार बालक को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। बड ?या निवासी नरेंद्र सिंह संधू ने परिजनों के साथ घायल हर्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर पहुंचाया। अस्पताल में उसको मृत घोषित कर दिया। पांच सितंबर को कोड़िया वन क्षेत्र के कलरवाली में बालिका गुड़िया 12 वर्षीय को गुलदार ने मार दिया था। सीओ नितेश प्रताप सिंह, तहसीलदार संतोष यादव, वन अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। गुस्साए ग्रामीणों ने बड़िया पहुंचकर हार्डवे पर जाम लगा दिया।

# रामलीला का फिता काटकर थाना प्रभारी संजय कुमार ने किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नगीना।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शो ओर संस्कारों पर चलने का आवाहन किया है। वो मंगलवार की रात को मंडी मोलगंज स्थित रामलीला मैदान पर फिता काटकर रामलीला का उद्घाटन करने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।श्री लोकेश्वर नाथ जी मंदिर एवं रामलीला कमेटी के तत्वाधान में गत वर्षो की भर्ती इस वर्ष भी रामलीला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि आदि महर्षि वाल्मीकि द्वारा लिखी रामायण मैं मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का प्रदर्शन समाज को सीख देता है उन्होंने कहा की भगवान श्री राम ने अपने पिता की आज्ञा का पालन कर 14 वर्षों के लिए वनो को गये लेकिन पिता की आज्ञा का उल्लंघन नहीं किया जब की मयार्दा पुरुषोत्तम राम दशरथ के सबसे चेहेते पुत्र थे,जहां श्री राम को ही सभी रानियां सबसे प्रिय पुत्र मानती थी, वही अयोध्यावासी भी श्री राम को अपनी आंखों का तारा मानते थे लिए क्योंकि भगवान राम ने कभी किसी के साथ ऊंच-नित जात-पात का भेद नहीं समझा जब मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम वांकल पहनकर वनों को जा रहे थे तो अयोध्या में सन्नाटा छा गया था जैसे खुशी अयोध्या वासियों से रूठ गई हो हमें ऐसे ही संस्कारवान बना है ताकि हर किसी की आंख का तारा बन सके। अपने संबोधन में वरिष्ठ पत्रकार मनोज वाल्मीकि ने उन पलों को दोहराया जब दशरथ के आदेश पर भगवान राज को राजतिलक होने जा रहा था लेकिन कुछ ही छोड़ो से पहले उन्हें पिता दशरथ जी ने भगवान राम को अपने कक्ष में बुलाया और कहा के है राम तुम्हें राज तिलक नहीं 14 वर्षों का बनवास देता हूं यह कहकर पिता दशरथ फूट फूट कर रोने लगे फिर भी मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ने अपने पिता दशरथ जी के आदेश की मान मयार्दा रखते हुए जरा भी अफसोच क्रोध नहीं किया और वंकल पहनकर वनों को चलने लगे तभी सती और पतिव्रता जानकि सीता माता और लक्ष्मण जैसा आदर्श और संस्कारवान भाई वो वांकल पहन श्री राम के साथ चल दिए थे आज हमें लक्ष्मण जैसा भाई और सीता जैसी पत्नी बना है और यह तभी होगा जब हम अपने-अपने घरों में रामायण, भागवत कथा, या गीता पाठ परिवार के साथ बैठकर करें और मोबाइल को बाय-बाय कहे। जिसने सारे मानवता, संस्कारों, मूल्यवान रिश्ते नातो के कलचर को नष्ट कर दिया और कर रहा है। इसलिए सामाजिक मानवता और इंसानियत को बचाए रखने के लिए आने वाली नस्लों को मोबाइल फोन से बचाना है। यही रामायण और श्री राम को मानने का मूल मंत्र है। उत्पल कुमार राजपूत के संचालन में आयोजित विचार गोष्ठी में रामलीला कमेटी अध्यक्ष विमल कुमार, नवीन कुमार, आदित्य गर्ग, राजीव अग्रवाल उर्फ राजू, आलोक चौधरी, देवेंद्र कुमार, अतुल मित्तल, प्रदीप मल्होत्रा, राजीव अग्रवाल, विवेक राजवंशी, राजन अग्रवाल, अन्ना कुमार, लक्ष्मण सैनी, लकी शर्मा, आनंद भारद्वाज, अनूप टायल, जितेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा, रिटायर्ड दरोगा जयपाल सिंह वाल्मीकि, मनोज गुप्ता, शुभम गुप्ता, सुधीर कुमार, अभय चौधरी, प्रखर जैन, मनोज शर्मा आदि ने मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार का फूल मालाओं से स्वागत किया और उनसे रामलीला मंचन के रहते पुलिस व्यवस्था देने की अपील की जिसे पूरा करने के लिए थाना प्रभारी संजय कुमार ने पूर्ण अस्वाशन दिया।

# श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश शोभायात्रा



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किशोरी जू कथा समिति के द्वारा नगर के काकरान वाटिका में कथा से पूर्व कलश शोभा यात्रा निकाली कलश शोभा यात्रा गोल मंदिर से काकन वाटिका तक संपन्न है जिसमें कथा व्यास अरविंद जी महाराज वृंदावन धाम, मुख्य यजमान मोहित शर्मा, दिनेश शर्मा, डॉक्टर संजीव शर्मा दानी, अनिल गंभीर, राजीव शर्मा, रवि राज राणा, पंकज शर्मा, पुनीत अग्रवाल, अशोक शर्मा सहित सभी कमेटी के सदस्य शामिल रहे।

# 16 वर्षीय सोमवीर सिंह ने बरेली में आयोजित क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के गांव कबाड़ी वाला निवासी सोमवीर सिंह के 16 वर्षीय पुत्र त्रिवेंद्र सिंह ने बरेली में आयोजित क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभा किया। प्रतियोगिता में त्रिवेंद्र सिंह ने अपनी कला का हुनर दिखाते हुए कहीं पहलवानों को पछाड़ा और कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। परिजनों ने बताया कि त्रिवेंद्र सिंह नजीबाबाद के लाला मग्धू शरण सरस्वती विद्या मंदिर मैं कक्षा 10 के छात्र हैं और त्रिवेंद्र सिंह का बचपन से ही कुश्ती जैसे खेलों के प्रति ज्यादा रुचि है और उनका सपना है कि वह राष्ट्रीय लेवल की कुश्ती में भाग लेकर अपने परिवार का नाम रोशन करें। छात्र त्रिवेंद्र सिंह के हुनर को देखते हुए बुधवार के दोपहर को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी उनके आवास पर पहुंची और उन्होंने छात्र व कुश्ती के युवा खिलाड़ी त्रिवेंद्र सिंह को पुरस्कार देकर एवं माला पहनकर सम्मानित किया। किसान पदाधिकारी ने त्रिवेंद्र सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा ब्लॉक सचिव सोनू गिरिराज तहसील महासचिव रजत कुठेर बृजपाल सिंह पप्पू सोमवीर सिंह सूरज सिंह मीडिया प्रभारी शमीम सिद्दीकी मीडिया प्रभारी मयंक कश्यप आदि मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर किया सम्मानित : प्रणय मनु गुप्ता

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लखनऊ में चल रही उतर प्रदेश बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल पहुंचने पर छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता के अनुसार गत दिनों स्कूल के चार खिलाड़ी शांतनु, अरव कुमार, जनमेजय, अनंश कुमार का बिजनौर जनपद की अंडर 14 बास्केटबॉल टीम के लिए चयन किया गया। 8 सितंबर से लखनऊ के के डी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रही उतर प्रदेश बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में जनपद बिजनौर का प्रतिनिधित्व करते हुए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का पहला मैच बिजनौर और उन्नाव के बीच खेला गया जिसमे शानदार प्रदर्शन करते हुए बिजनौर की टीम ने उन्नाव को 26 - 11 के अंतर से पराजित किया। दूसरा मैच बिजनौर और शामली के बीच खेला गया जिसमें बिजनौर की टीम ने 18 - 11 के अंतर से जीता। बिजनौर का तीसरा मैच गोरखपुर के साथ खेला गया जिसमें बिजनौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। कोच अशोक त्यागी व उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन बिजनौर के सेक्रेटरी योगेश्वर त्यागी के नेतृत्व में पहली बार अंडर 14 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बिजनौर की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया गया। आर आर पब्लिक स्कूल के चारों खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बास्केटबॉल कमेटी बिजनौर व स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन करने पर अपनी शुभकामनाएं भेंट की। कार्यक्रम के अवसर पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, खेल शिक्षक संजीव डबास, जीवन सिंह, चंचल कटारिया, कपिल कुमार, स्वाति यादव आदि उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने खुशी मनाई





वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबादभाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह द्वारा देश में उपराष्ट्रपति पद पर निर्वाचित एनडीए प्रत्याशी की जीत प्रसन्नता व्यक्त की है चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि उपराष्ट्रपति का चुनाव भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और परिपक्वता को दशार्ता है देश में उपराष्ट्रपति का पद केवल एक राजनीतिक पद नहीं बल्कि संविधान की गरिमा और जनता के विश्वास का प्रतीक है उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च पदों पर पहुंचना आमजन के विश्वास और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है उन्होंने सभी भाजपा कार्यकताओं से आह्वान किया कि वह इस जीत से प्रेरणा लेकर समाज हित में सक्रियता से एक जुट होकर कार्य करने का आह्वान किया इस जीत ने विपक्ष को जो आईना दिखाने का काम किया है यह जीत लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए महत्वपूर्ण है विपक्ष के अनर्गल आरोप एवं देश में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की लोकप्रियता में वृद्धि इस चुनाव की जीत में स्पष्ट दिखाई देती है उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, डॉ रितेश सेन, सुमित गुर्जर, नरेंद्र सिंह, युवी चौधरी राम सिंह आदि उपस्थित रहे ।

# पूर्व प्रधानाचार्य मदरसा आलिया कारी राशिद मुझद्दिदी की फातेहा और चहलुम 11 सितंबर को

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** इमामे रब्बानी मुझद्दिद अल्फ सानी की औलाद, उस्तादुल कुर्रा हजरत मौलाना कारी मोहम्मद राशिद मुझद्दिदी (रहमतुल्लाह अलैहि) की फातेहा और चहलुम तथा उनके उत्तराधिकारी हाफि ज कारी मोहम्मद सलमान मुझद्दिदी की दस्तारबंदी की रस्म 11 सितंबर दिन बृहस्पतिवार, नमाजे जोहर के बाद, दोपहर 2 बजे रामपुर दरबार मैरिज हॉल, माला रोड, रामपुर में आयोजित की जाएगी। कारी साहब के साहबजादे कारी सलमान मुझद्दिदी ने अखबार को जारी एक बयान में कहा है कि इस कार्यक्रम में देश और मिल्लत के नामवर उलमा, विभिन्न खानकाहों के मशायख और बुद्धिजीवी शिरकत करेंगे। विशेष रूप से दरगाह शाह अबुल खैर, दिल्ली के सज्जादा नशीन हजरत अनस फारूकी साहब, बरेली शरीफ से आला हजरत के नवासे मौलाना तौक ीर रजा खान, खुसरो फाउंडेशन दिल्ली के चेयरमैन डॉ. हफीजुर्रहमान, मुफक्किरे इस्लाम डॉ. यासीन अली उस्मानी (सेक्रेटरी, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड), उत्तराखंड हज कमेटी और मदरसा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन मौलाना जाहिद रजा रजवी, दिल्ली से जनाब तारिक बुखारी साहब, दरगाह फतेहपुरी सीकरी के सज्जादा नशीन हजरत शेख सलीम चिश्ती, देश के मशहूर जर्नलिस्ट हजरत अरशद फरीदी साहब, प्रसिद्ध पत्रकार और कौमी भारत अखबार के चीफ एडिटर जनाब मुमताज आलम रजवी साहब, सैयद जलालउद्दीन साहब राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजीत पवार) बम्बई महाराष्ट्र, नौजवान समाजसेवी और कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. मिराज हुसैन, देश के प्रसिद्ध शायर डॉ. अफजल मंगलोरी, और साथ ही स्थानीय उलमा और सूफि या-ए-किराम भी कारी साहब मरहूम को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कारी साहब के साहबजादगान ने सभी मुहिब्बीन, मुह्सिीन और सिलसिले के अकीदतमंदों से गुजारिश की है कि इस कार्यक्रम में शरीक होकर कारी साहब को श्रद्धांजलि दें।

# प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में रहा नूरपुर सरस्वती शिशु मंदिर का दबदबा

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में भी रहा नूरपुर सरस्वती शिशु मंदिर का दबदबा। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से मार्गदर्शित तथा शिशु शिक्षा समिति के अंतर्गत संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के अंडर 11 वर्ग में शिशु वर्ग के भैया बहनों का गणित एवं विज्ञान मेला सी41 सेक्टर 12 नोएडा में संपन्न हुआ। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर के भैया बहनों ने तीन प्रतियोगिता वैदिक गणित प्रश्न मंच, विज्ञान प्रश्न मंच एवं गणित प्रदर्शमें सहभागिता की जिसमें भैया बहनों नेउत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विज्ञान प्रश्न मंच में प्रांत के सातों विभागों के भैया बहनों बहनों से श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही गणित प्रश्न मंच में अपने विद्यालय की भैया बहनों की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सात भैया बहनों में से 6 भैया बहनों ने प्रतियोगिता में अपने-अपने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार शर्मा ने विद्यालय स्तर पर भैया बहनों को सम्मानित किया। साथ ही अपने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को सूचित किया की उन्हें क्षेत्रीय विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 24 सितंबर 2025 से 26 सितंबर 2025 तक सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर आगरा में सहभागिता करनी है। इसके साथ ही भैया बहनों को पुरस्कार प्रदान कर आशीष प्रदान किया और उन्हें प्रतियोगिता के महत्व को समझाते हुए आगामी प्रतियोगिता की तैयारी के लिए प्रेरित किया भैया बहनों की प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले आचार्य सुरेश कुमार एवं बहन रिया और शिवानी का आभार प्रकट किया तथा भविष्य की प्रतियोगिता की तैयारी हेतु लक्ष्य की ओर प्रेरित किया।

# ग्रामीणों ने पुलिस पर रिश्वत-फर्जी मुकदमे का लगाया आरोप, डीएम कार्यालय का किया घेराव

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के नादेपार गांव में पुलिस कार्रवाई को लेकर बवाल खड़ा हो गया है।ग्रामीणों ने भारी संख्या मे पहुंकर डीएम कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संदिग्ध महिला को पकड़कर पुलिस को सौंपने के बाद उल्टा उन पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया। इतना ही नहीं, पुलिस ने दबिश के दौरान महिलाओं और बच्चों तक को बेरहमी से पीटा।

7 सितंबर की रात ग्रामीणों ने एक संदिग्ध महिला को पकड़कर पुलिस को सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि थाने पर महिला को मानसिक रूप से बीमार बताकर छोड़ दिया गया। इसके बाद पुलिस का रवैया अचानक गांव वालों के खिलाफ हो गया। पुलिस ने दावा किया कि उसी रात उसकी गाड़ी पर ग्रामीणों ने पथराव किया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हुआ। इसके बाद आधी रात को मुकदमा दर्ज कर 13 लोगों को नामजद और 50 अज्ञात पर गंभीर धाराएं लगा दी गईं। ग्रामीणों का आरोप है कि ह्नअज्ञातह्व के नाम पर मजदूरों और किसानों से थाने बुलाकर पैसे वसूले जा रहे हैं।गांव की महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने दबिश के दौरान बच्चों तक को पीटा। ग्रामीण बोले–ह्नहमने महिला पकड़कर पुलिस को दिया था, लेकिन पुलिस ने हमें ही पीट डाला। अब बच्चे तक डरे-सहमे हैं।ह्व

ग्राम प्रधान ने भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि पुलिस ने उन्हें थाने ले जाकर छोड़े जाने के नाम पर 15,000 रुपए गूगल पे से लिए। प्रधान के इस बयान से ग्रामीणों के आरोप और मजबूत हो गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे सिर्फ निष्पक्ष जांच चाहते हैं। उनका आरोप है कि पुलिस संदिग्ध महिला को छोड़ देती है। लेकिन निर्दोष गांव वालों को झूठे मुकदमों में फंसा कर वसूली करती है।एएसपी प्रशांत कुमार ने कहा- पुलिस की गाड़ी पर पथराव हुआ था। इसलिए मुकदमा दर्ज किया गया। ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाएगी। यदि आरोप सही पाए गए तो कार्रवाई होगी।

# नेपाल में हिंसक प्रर्दशन के बाद सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों अलर्ट

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**






**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। बस्ती मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह और डीआईजी संजीव त्यागी ने इंडो नेपाल सीमा का दौरा किया। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर और सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन भी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने ककरहवा और अलीगढ़वा बॉर्डर पर एसएसबी के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। सीमा पर तैनात पुलिस बल को विशेष निर्देश दिए गए। सुरक्षा एजेंसियों को सीमा पार की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश मिले। उन्हें लगातार गश्त करने को कहा गया। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के आदेश दिए गए हैं। संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों की जांच में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौर्य, एसडीएम सदर, एसएसबी 43वीं वाहिनी सहायक कमांडेंट, थानाध्यक्ष मोहाना रोहित कुमार उपाध्याय व थानाध्यक्ष कपिलवस्तु पुलिस फोर्स सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन कराने के आरोप मे युवक को भेजा जेल



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**कठेला समय माता/सिद्धार्थनगर।** जनपद के कठेला समय माता पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के मामले मे फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मजीबुल्लाह पुत्र इशहाक शेख के रूप में हुई है। वह धोबहा टोला रमईडीह का निवासी है। कठेला समय माता थाना क्षेत्र में गांव की ही किशोरी को प्रेम जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने केस दर्ज करके फरार आरोपी की तलाश मे जुट गई।कठेला पुलिस ने फरार आरोपी को बुधवार को क्षेत्र के गाजीपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय रवाना कर दिया है। कठेला समय माता थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने दूसरे धर्म की नाबालिग बालिका को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बनाने लगा। बालिका के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर मामले की शिकायत की है। पुलिस ने आरोपी युवक मजीबुल्लाह के विरुद्ध दुष्कर्म, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम व पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाही करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप-निरीक्षक आनंद कुमार और हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार गौतम की अहम भूमिका रही।

# भावना क्लीनिक/चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर के डॉक्टर को किया सम्मानित




**वाराणसी मिजार्मुराद।** कानपुर फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन की ओर से रविवार को सिविल लाइंस स्थित राजेंद्र स्वरूप आडिटोरियम मे राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी कांफ्रेंस में डॉ. संतोष पांडेय पीटी पीएचडी जनरल सेक्रेटरी फिजियोथेरेपिस्ट वेलकेयर एसोसिएशन और डॉ. नरेंद्र पांडेय एवम्-डॉ. एस डी सिंह पारिहार द्वारा भावना फिजियो/चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर के डॉ. सर्वेश कुमार दूबे को क्लिनिकल एमिनेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित लोग परिवार द्वारा दूबे जी को बधाई दिया गया।

# फसल की उत्पादकता जानने को दिया क्राप कटिंग का प्रशिक्षण



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद।** फसलों की उत्पादकता जानने के लिए यह जरूरी है सही तरीके से सम्बंधित फसल की ₹क्राप कटिंग₹ करायी जाय।क्राप कटिंग में गलती होने पर फसल की सही उत्पादकता का आंकलन नहीं किया जा सकता है।उक्त बातें अपर सांख्यिकीय अधिकारी गंगेश सिंह परिहार ने कलेक्ट्री फार्म स्थित कृषि भवन-निर्माण चांदपुर में कृषि विभाग द्वारा आयोजित क्राप कटिंग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कही।

उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल के दिशा निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में जनपद के सभी आठ विकास खण्डों के कृषि कार्मिकों,तकनीकी सहायक, बीटीएम,एटीएम ने प्रतिभाग किया।

ट्रेनर गंगेश सिंह ने बताया कि फसल प्रदर्शन वाले प्लाट पर समबाहू त्रिभुज में कैसे सांख्यिकी विधि से ट्राएंगल बनाये और कैसे क्राप कटिंग करायें जिससे सम्बंधित फसल की उत्पादकता ज्ञात करने में कोई त्रुटि न रह जाय।उपरोक्त विषय पर बिस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी।इस दौरान सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र पाण्डेय,केशव यादव, आशुतोष,पंकज श्रीवास्तव, तकनीकी सहायक कृष्ण कांत मौर्या, नंदन सिंह,अनामिका, बीटीएम देवमणि त्रिपाठी,अनिल सिंह,राम सकल मौर्या सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत की दूरसंचार कंपनी और किसानों के गन्ना शुगर मिल फैक्ट्रियों पर बकाया भुगतान पर कर रहे अनदेखी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** आज ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेश कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक में शामिल होने पहुचें प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की दूरसंचार कंपनी अपने कर्मचारियों को साल के 12 माह का वेतन देती है जबकि ग्राहकों से मासिक रिचार्ज के 28 दिन के हिसाब से साल में 13 महीने रिचार्ज कराती है जो कि ग्राहकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है ! भारत सरकार और दूरसंचार मंत्रालय को उपभोक्ताओं की ओर ध्यानाकर्षक देना चाहिए जो कि जनहित में है !प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने किसानों की आर्थिक स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि यूपी के किसानों का शुगर मिल फैक्ट्रियों पर करोड़ों रुपये बकाया राशि है ! राजस्व कर्मी किसानों पर वसूली का दबाब बना रहे हैं ! जबकि किसान लाख दो लाख रुपये के कारण नदियों में छलांग लगा रहे हैं और आत्महत्या कर रहे हैं जो कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है बाढ़ आपदा बड़ने से किसानों की फसले बर्बाद हो चुकी है ! ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी किसान मजदूर नौजवान और बढ़ती बेरोजगारी जेसी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर और चिंतित है !जिलाध्यक्ष हापुड़ अजय शर्मा ने कहा कि ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी जन हित में हमेशा कार्य करती रहेगी !

इस अवसर पर मेरठ मंडल अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ निर्देश कुमार पंडित हरिदत्त शर्मा डॉ सलीम विशाल त्यागी रिंकू त्यागी उज्वल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दशहरा मेले की तैयारियों को लेकर श्री रामलीला समिति द्वारा भूमि पूजन कर किया शुभारम्भ

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** बुधवार को श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ द्वारा में हर वर्ष होने वाले श्री रामलीला महोत्सव दशहरा मेले का शुभारम्भ भूमि पूजन के साथ किया गया। श्री रामलीला समिति द्वारा श्रीराम पंचवटी राम मंदिर में बड़े ही धार्मिक और पारंपरिक माहौल में सुधीर कुमार त्यागी शास्त्री द्वारा मंत्र जाप एवं विधिवत हवन पूजन-अर्चन कर किया गया। भूमि पूजन के अवसर पर सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष संजय नाथ योगी मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित हुए और कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार वर्मा ने की। भूमि पूजन के दौरान शास्त्री ने बताया कि भूमि पूजन का मुख्य उद्देश्य ईश्वर और देवी-देवताओं को आगृह कर आशीर्वाद प्राप्त करना होता है ताकि सभी कार्य बिना किसी विघ्न-बाधा के सफलतापूर्वक पूरे करे। हवन में समिति के प्रत्येक सदस्य ने आहुति डालकर धर्म और संस्कृति के इस महापर्व को सफल बनाने की कामना की।उपस्थित समिति के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा श्री रामलीला महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का संकल्प लिया। इस दौरान पूरा वातावरण में जय श्री राम के गगन भेदी नारों से गूंज उठा।

श्री रामलीला समिति उच्च पदाधिकारी ने जानकारी दी कि इस वर्ष का दशहरा मेला पहले से भी अधिक भव्य और आकर्षक होगा। आयोजन स्थल पर रामलीला मंचन के साथ-साथ झांकियों, धार्मिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जाएगा। भूमि पूजन में उपस्थित उमेश अग्रवाल, शुभम गोयल, एडवोकेट रतनलाल,नन्हे मल ठेकेदार, एडवोकेट अनिल आजाद, डीके सर्राफ, नवीन कुमार वर्मा, सुयश वशिष्ठ, विमल वर्मा, वरुण गोयल, टिंकू, हरी प्रकाश ,सनातन हिंदू वाहिनी प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ शर्मा, मनीष मित्तल, राजकुमार गर्ग, उमेश मित्तल, रवि गर्ग टेंट वाले, प्रदीप सोनी ,अनिल तोमर, टोपी विवेक, सिंघल,माधव वर्मा, गौरव बजरंगी, गौरव गोयल, सर्राफ, संजय यादव व रितिक त्यागी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश पर सात के खिलाफ डकैती समेत अन्य धाराओं में मुकदमा

**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने बुधवार को न्यायालय के आदेश पर झारखंड प्रांत के कोडरमा जिले के कोडरमा थाना क्षेत्र के दुधीमाटी निवासी संतोष कुमार शर्मा के द्वारा न्यायालय में दिये गए प्रार्थना पत्र के तहरीर पर मिजार्पुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के गन्नाथपुर निवासी गुंजन, चौबेपुर थाना क्षेत्र के राजपुर निवासी संतोष कुमार राय, पांचू राजभर, सचिन कुमार राय, अर्जुन राय, राज राय व अमित कुमार के खिलाफ धारा 191(2), 281, 324(2), 352 व 309(2) के तहत गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मिजार्मुराद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

पीड़ित संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि बीते 21 फरवरी को महाकुंभ से स्नान करके अपने प्राइवेट वाहन से वापस घर जा था तभी मिजार्मुराद थाना क्षेत्र में पहुंचा था उसी समय काफी तेज गति से पीछे से बिना नंबर प्लेट की टाटा मैजिक गाड़ी आकर मेरे वाहन में जोरदार धक्का मार दिया।

गाड़ी में मेरे साथ मेरी मां, पत्नी व बहन मौजूद थी।जब में उतर के गाड़ी से उन लोगो से पूछा टक्कर क्यों मारे तो सभी शराब के नशे में थे और मुझे लात-घुसे व ईट पत्थर से मारने लगे और मेरी गाड़ी को और क्षतिग्रस्त कर दिया।सभी अंधेरा के फायदा उठाकर चाकू के बल पर मेरी बहन व पत्नी के गले से सोने की चेन व दो मोबाइल छीनकर ग्रामीणों के जुटने पर भाग निकले।उक्त घटना के बाद में किसी तरह अपने घर पहुंचा और व अपना एक अस्पताल में इलाज करवाया।

घटना की सूचना उत्तर प्रदेश पुलिस के वेबसाइट के साथ पुलिस कमिश्नर व स्थानीय पुलिस को दिया लेकिन उनके द्वारा कोई भी उक्त लोगों पर कार्रवाई नही किया गया।

# नेपाल जेल से भागे कैदी, इंडो नेपाल के खुनुवा बॉर्डर से गिरफ्तार किया

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**खुनुवां/सिद्धार्थनगर।** नेपाल में सोशल मीडिया के विरोध में हिंसा भड़की गयीं। हिंसा ने भयंकर रूप ले लिया जिससे जन और धन की भारी क्षति हुई। वहीं, भारतीय सीमा को सील कर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। नेपाल मे हिंसा के बाद तौलिहवा जेल तोड़ कर भागें सात कैदियों को भारतीय सीमा पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे सिद्धार्थनगर जिले के इंडो नेपाल के खुनुवा बार्डर से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। ये गिरफ्तारी बुधवार को सुबह लगभग 10 बजे हुई, जब कैदी सिद्धार्थनगर जिले के भारत-नेपाल सीमा के खुनुवा बॉर्डर से गुप्त पगडंडी के रास्ते से भारत में घुसने का प्रयास कर रहे थे।उपद्रव के बाद खुनुवां बॉर्डर से 12 किलोमीटर दूर तौलिहवा जेल से फरार हुए सात कैदी नेपाल और भारत की एसएसबी 43वीं वाहिनी के सहयोग से खुनुवां बॉर्डर से पकड़ लिए गए।

उपद्रव के बीच जान के खतरे की आहट को देखते नेपाल की जेल से भागे अपराधियों में शामिल हैं:

हीरालाल पत्थरकट उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी ग्राम जहदी, थाना पिपरा, जनपद कपिलवस्तु, नेपाल झ छेड़खानी के अपराध में पिछले 3 माह से कारागार तौलिहवा, नेपाल में बंद था।

हशमत अली उम्र लगभग 25 वर्ष, पुत्र वारिस अली, निवासी वार्ड नंबर 8, नगर पंचायत शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर झ मादक पदार्थ अधिनियम में पिछले 3 माह से कारागार तौलिहवा, नेपाल में बंद था।

गोरखनाथ यादव उम्र लगभग 40 वर्ष, पुत्र राम शंकर यादव, निवासी मदरहना उर्फ रामनगर मटियारिया, थाना कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर झ एन.डी.पी.एस. के अभियोग में कारागार तौलिहवा, नेपाल में बंद था।

सोनू चौधरी उम्र लगभग 30 वर्ष, पुत्र बैजनाथ पटेल, निवासी अहिरौली नौका टोला, थाना खड्डा, जनपद कुशीनगर झ पिछले 3 माह से चोरी के अभियोग में कारागार तौलिहवा, नेपाल में बंद था।

सूरज चौधरी उम्र लगभग 29 वर्ष, पुत्र रामचन्द्र कुर्मी, निवासी जहदी, वार्ड संख्या 11, थाना पिपरा, जनपद कपिलवस्तु, नेपाल झ पिछले 19 माह से मादक पदार्थ के अभियोग में कारागार तौलिहवा, नेपाल में बंद था।

शकील दर्जी उम्र लगभग 24 वर्ष, पुत्र स्व. हैदर अली, निवासी नीबी दोहनी, थाना शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर झ ब्राउन शुगर के अभियोग में पिछले 56 माह से कारागार तौलिहवा, नेपाल में बंद था।

सलाहुद्दीन उम्र लगभग 35 वर्ष, पुत्र मगरे मुसलमान, निवासी चरिगांवा, थाना गौरसिंघिया, जनपद कपिलवस्तु, नेपाल झ पिछले 54 माह से दुष्कर्म के अभियोग में कारागार तौलिहवा, नेपाल में बंद था।

सभी कैदी हत्या, दुष्कर्म, मादक पदार्थ व चोरी जैसे गंभीर मामलों में लंबे समय से जेल में बंद थे। जेल से फरारी के बाद वे खुनुवां बॉर्डर से भारत की सीमा में दाखिल होने का प्रयास कर रहे थे। संयुक्त कार्रवाई में एसएसबी 43वीं वाहिनी और पुलिस चौकी खुनुवां ने सभी कैदियों को दबोच लिया और शोहरतगढ़ थाने में विधिक कार्रवाई के लिए भेज दिया। एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सीमा पर तैनात जवानों को चौकसी बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नेपाल की आंतरिक परिस्थितियों का सीधा असर भारत की सीमा पर देखने को मिलता है। ऐसे में सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीमा क्षेत्र में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। वहीं प्रशासन का दावा है कि पूरी सतर्कता के साथ सीमा पर निगरानी रखी जा रही है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा बल पूरी तरह तैयार हैं।बॉर्डर सुरक्षा की मजबूती परखने के लिए एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पवीन कुमार, एसएचओ शोहरतगढ़ संतोष कुमार तिवारी, चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी तथा 43वीं वाहिनी एसएसबी खुनुवां कैंप के सहायक कमांडेंट जसवंत कुमार, इंस्पेक्टर नीलाक्स भूयान, सब इंस्पेक्टर रामकुमार मौके पर पहुंचे और सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सीमा चौकियों की स्थिति, गश्त व्यवस्था और सुरक्षा में तैनात जवानों की सतर्कता का जायजा लिया।

खुनुवां सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के तौलिहवा जिला जेल में विभिन्न मामलों में कुल 470 कैदी बंद थे। कैदियों को देश में आंदोलन की जानकारी होने के बाद जेल की दीवार और मेन गेट तोड़कर भाग गए। इस संबंध में चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी व सहायक कमांडेंट जसवंत कुमार ने बताया कि सभी फरार कैदी भारत-नेपाल सीमा के खूनुवां बॉर्डर के पास पगडंडी रास्ते से गुप्त तरीके से प्रवेश कर रहे थे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षक हित में उठाई आवाज, किया हंगामा

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आदेश जारी किया गया था जिसमें शिक्षकों को टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। आदेश को आने के बाद शिक्षकों में मची हलचल, भारत के सभी प्रदेश एवं जनपदों में शिक्षकों ने आदेश को वापस करने के लिए विरोध करना शुरू कर दिया और भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार से आदेश को वापस करने की मांग रखी। ऐसा ही मामला उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में भी देखने को मिला जहां शिक्षकों ने इस आदेश का विरोध करते हुए जिला अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिससे शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य का आदेश लागू नहीं किया जाए।

बता दे कि पूर्व में सरकार द्वारा आदेश जारी किया गया कि शिक्षक बनने के लिए टीईटी परीक्षा एवं सुपर टेट परीक्षा को पास करने के उपरांत मेरिट के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। परंतु जो पहले से शिक्षक स्कूलों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं उनके लिए कोई आदेश जारी नहीं किया गया। वह शिक्षक यथावत स्कूलों में कार्य करते रहे परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह आदेश जारी किया गया की शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों को भी टीईटी परीक्षा अनिवार्य पास करनी होगी। इस आदेश को सरकार द्वारा बदलवाने या वापस करने के लिए पूरे भारत में विरोध शुरू हुआ।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में अनेक पदाधिकारी द्वारा जनपद के सैकड़ो शिक्षक शिक्षकों ने बीएससी कार्यालय पहुंचकर किया विरोध प्रदर्शन और पैदल यात्रा करते हुए पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय जहां कार्यालय का घिराव करते हुए मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और टीईटी अनिवार्यता के आदेश को वापस करने की मांग रखी। और चेतावनी दी जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक समय-समय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक चलेगा जिले में विद्युत अनुरक्षण अभियान

**बरेली।** आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए बिजली विभाग 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक जिले में विद्युत अनुरक्षण अभियान चलायेगा। इस अभियान का उद्देश्य विद्युत वितरण व्यवस्था को दुरूस्त करना है ताकि उपभोक्ताओं को बिना रूकावट बिजली मिल सकें। आने वाले महीने में दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों को देखते हुये 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक जिले में विद्युत अनुरक्षण अभियान चलाया जायेगा। एक महीने के इस अभियान में गर्मी और बरसात के कारण विद्युत वितरण व्यवस्था में आई हुई कमियों को दूर किया जायेगा। जिससे उपभोक्ताओं को अनवरत बिजली मिल सकें। जिले के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने विघुत अनुरक्षण माह के संबंध में सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश देते हुये कहा है कि आने वाले महीने में दशहरा ओर दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुये अनुरक्षण की कार्ययोजना बनाई जायें।

# सिम्भावली में गुरु तेग बहादुर की नगर कीर्तन यात्रा निकाली

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ सिंभावली में ज्ञानी परमजीत सिंह के नेतृत्व में हार्दिक स्वागत किया गया यह यात्रा जनपद रामपुर, मुरादाबाद एवं गढ़नुक्तेश्वर आदि पड़ावों से गुजरते हुए अंततः तख्त श्री केसगढ़ साहिब और श्री आनंदपुर साहिब (रोपड़, पंजाब) में अपनी पूर्णता को प्राप्त करेगी।

गुरु की यह ज्योति समाज में जागरूकता कायम करेगी इस पावन अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित प्रतिनिधि एवं समूह साधसंगत में मुख्य रूप से मास्टर हरिसिंह, मास्टर जगबीर सिंह, पूर्व सब इंस्पेक्टर हरभजन सिंह, ग्रामीण प्रधान संयोजक भाई मनबीर सिंह मसंद, पूर्व प्रधान रोहताश, जयबीर मसंद, गुल्लु पेंटर, परमित पाल सिंह, भाई मुनेन्द्र संधू, रणजीत सिंह, बीर सिंह सहित सैंकड़ो श्रद्धांलुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को मथा टेक नमन किया और पंच प्यारों को सिरोपा सम्मान किया गया अटूट लंगर प्रसाद बरताया गया और महाराजा फार्म हाउस के सामने डॉ राजेन्द्र सिंह औलख ने सरबत के भले की अरदास कराई।

# मेरठ द प्रेस क्लब को मिला उपज का साथ, 125 पत्रकार होंगे शामिल

**वेलकम इंडिया /उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** द प्रेस क्लब के सदस्यता अभियान को मजबूती देने के लिए सोमवार को प्रेस क्लब की कार्यसमिति और विभिन्न पत्रकार संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रवि शर्मा ने की, जबकि संचालन संरक्षण संयोजक दिनेश चंद्रा ने किया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) के अध्यक्ष अजय चौधरी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि ह्लमेरठ में उपज से जुड़े लगभग 125 पत्रकार प्रेस क्लब की सदस्यता लेंगे ।ह्व उनके इस बयान से बैठक का माहौल उत्साहपूर्ण हो गया।

प्रेस क्लब अध्यक्ष रवि शर्मा ने कहा कि ह्लद प्रेस क्लब पत्रकारों की आवाज है। उपज समेत विभिन्न संगठनों का साथ मिलना हमारे लिए गौरव की बात है। इससे पत्रकारों की एकता को नई दिशा मिलेगी ।ह्व वहीं संयोजक दिनेश चंद्रा ने कहा कि यह सदस्यता अभियान पत्रकारों को साझा मंच पर लाने और उनके अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ समाज की सच्चाई को मजबूती से सामने रखने का प्रयास है।

बैठक में उपज जिला कोषाध्यक्ष विश्वास राणा, उपज जिला महामंत्री ललित ठाकुर, पवन शर्मा, राजू शर्मा, अरुण सागर, जयवीर त्यागी, राहुल राणा, नरेश कुमार, रवि गौतम, विपुल सिंघल, मनोज कुमार, शाहरुख चौधरी, राजन सोनकर, अखिल भारतीय मीडिया फाउंडेशन अध्यक्ष अनिल पुरोहित, ऑल इंडिया मीडिया क्लब अध्यक्ष ओमपाल ठाकुर, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष मुकेश गोयल, मंत्री राजीव शर्मा, कार्यसमिति सदस्य राजेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर चौहान, महफूज हसन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अभिभावक ने पत्र भेजकर बीएसए से अभद्रता करने वाले प्रधानाध्यापक की शिकायत

**पहासू/ बुलंदशहर।** पहासू क्षेत्र के गांव नगला सारंगपुर निवासी अमित गौतम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्कूल के प्रधानाध्यापक की शिकायत की है। अमित के तीन बच्चे गांव के स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं ।बुधवार को अभिभावक अमित अपने बच्चों की पढाई के सम्बंध में विद्यालय में जानकारी लेने गया तो स्कूल के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार गौड ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि बच्चों की अच्छी पढ़ाई चाहते हो तो बच्चों को कहीं बाहर बड़े स्कूल में दाखिला करा दो,यहां तो ऐसे ही पढ़ाई होगी। प्रधानाध्यापक ने कहा कि जहां शिकायत करनी हो,कर दो हमारा कुछ नही बिगड़ेगा। उसे आगे से स्कूल में नही आने की चेतावनी देते हुए बाहर भेज दिया।

# इंस्टाग्राम पर फ्रेंड बनकर युवती से गैंगरेप दोनों आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र में एक युवती से धोखे से दोस्ती कर गैंगरेप करने वाले दोनों शातिर आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया है। पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश कर रहे आरोपियों को जवाबी फायरिंग में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में अवैध असलाह, मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद की गई है।

आपको बता दें कि इस घटना के बाद पीड़िता की तरफ से थाने में दी गई तहरीर में बताया गया था कि उसकी इंस्टाग्राम पर पहचान शानू पुत्र अतीक अहमद निवासी मनौना, थाना आंवला, बरेली से हुई थी। आरोपी ने खुद को ₹शनि₹ नाम बताकर परिचित कराया और भरोसा दिलाया कि वह उसी बिरादरी का है। दिनांक 9 सितंबर 25 को युवती जब मनौना धाम घूमने गई, तो शानू अपने साथी आरिफ पुत्र शब्बीर के साथ वैगनआर कार में उसे मिलने पहुंचा और बहाने से कार में बैठाकर बिसौली रोड ले गया, जहां दोनों ने मिलकर युवती के साथ गैंगरेप किया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना आंवला पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज किया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की गई। सूचना के आधार पर आंवला पुलिस टीम ने मंगलवार को रेवती मोड़ के पास घेराबंदी की, जहां दोनों आरोपी घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार के साथ मौजूद थे और फरार होने की फिराक में थे। पुलिस को देख शानू और आरिफ ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की।

## बाइक सवार को सांड ने मारी जोरदार टक्कर मौके पर मौत

**बुलंदशहर।** पहासू-अहमदगढ़ मार्ग पर मंगलवार रात्रि में बाइक पर अपने गांव जाते हुए व्यक्ति की बाइक सांड से टकरा गई। व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भैयापुर निवासी सुनील पुत्र चंद्रपाल 40 वर्ष के रूप में हुई । अहमदगढ़ थाना प्रभारी प्रेमचंद शर्मा के अनुसार सुनील अहमदगढ़ से अपने गांव भैयापुर लौट रहा था ।बीडीएस स्कूल के पास अचानक सामने आए सांड से उनकी बाइक टकरा गई राहगीरों ने घायल की सूचना अहमदगढ़ थाने को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को शिकारपुर सीएचसी ले गई वहां डॉक्टरों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाकियू नेता भूरा की टीम ने 3000 बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाई खाद्य सामग्री



**मथुरा।** भाकियू नेता भूरा पहलवान ने बुधवार को अपनी सिहोरा की टीम के साथ लगातार दूसरे दिन लक्ष्मी नगर स्थित तैयापुर, ईसापुर, डेंगरा, रसखान नगरी, नगला चिंरजीव,जमुना पुल एवं श्री कुंज में करीब 3000 बाढ़ पीड़ितों तक पानी में घुसकर घर - घर खाद्य सामग्री बांटी। भाकियू नेता भूरा पहलवान ने बताया कि उन्होंने ग्राम पंचायत सिहोरा और आस पास के क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की अपील की थी जिसमें ग्राम पंचायत सिहोरा के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा सभी की सहयोग से पूड़ी,सब्जी,पानी,दूध,बिस्कुट, डिटर्जेन्ट सर्फ आदि खाद्य सामग्री लगातार दूसरे दिन बाढ़ ग्रस्त तैयापुर,ईसापुर, डेंगरा, रसखान नगरी,नगला चिरंजीव,जमुना पुल,श्री कुंज इलाके में नाव और ट्रेक्टर ट्राली से एवं पैदल चलकर पीड़ितों तक घर घर पहुंचाई। आगे भी अनवरत रूप से बाढ़ पीड़ितों की मदद जारी रहेगी। भूरा पहलवान ने मीडिया के माध्यम से सामाजिक संस्थान और क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी को जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। तथा उत्तर प्रदेश सरकार से भी बाढ़ ग्रस्त किसानों को उचित मुआवजा राशि देने की अपील की। इस दौरान भूरा पहलवान, जे एस जाट,वीरपाल दादा, भीमा चौधरी,मुनिया, गिरीश पंडित, दयाल सिंह, देव चौधरी, अशोक,रामवीर यादव,मुकेश,हरीश, भगवान स्वरूप,लेखराज,पोहप सिंह, जीतू जोशी एवं ग्राम पंचायत सिहोरा के सभी लोग मदद करने में जुटे रहे।

## पीड़ित ने कराई रिपोर्ट दर्ज

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव मौहरसा के एक पीड़ित व्यक्ति ने अपने बड़े भाई के परिजनों पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और घर में ईट पत्थर बरसाए जिससे मेरी पत्नी और पुत्र वधू को घायल करने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव मौहरसा निवासी पीड़ित प्रेमचंद शर्मा पुत्र रामजीलाल शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 12 मार्च 2022 दिन शनिवार को बड़े भाई ने मेरे घर के पानी को रोक दिया है और अनेक प्रकार की शौच भरे हुए पानी में फेंक दी है जिससे मेरे परिवार को बहुत परेशानी हो रही थी। मैंने सामाजिक लोगों को भी गन्दा पानी दिखाया और उन्होंने उसे एवं परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन पूरा परिवार उसका नही माना ।इसी बात से रंजिश मानते हुए गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मेरे परिवार पर हमला बोल दिया। इसके बावजूद ईट पत्थर बरसाए जिससे मेरी पत्नी कुंती देवी और मेरी पुत्र वधू गम्भीर रूप से घायल हो गए ।उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित व्यक्ति ने रिपोर्ट में हरिकिशन पुत्र रामजीलाल,माया देवी पत्नी हरिकिशन, पुत्री प्रीती और पुत्र वधू पूजा देवी को नामजद किया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी भुवनेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

# चौकी से चंद कदम की दूरी पर दुकान का शटर मोड़कर अंदर घुसे चोर, 40-50 हजार के माल पर किया हांथ साफ

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** शहर में कानून-व्यवस्था की पोल एक बार फिर उस समय खुल गई जब अयूबखां पुलिस चौकी से महज कुछ कदम की दूरी पर मिशन मार्केट में चोरी की वारदात हो गई। चोरों ने न केवल रेडीमेड गारमेंट्स की एक दुकान को निशाना बनाया बल्कि पास की ही एक और दुकान में भी सेंध लगाने की कोशिश की। घटना के वक्त पुलिस महज कुछ मीटर की दूरी पर मौजूद थी, लेकिन न तो किसी को आवाज सुनाई दी, न ही कोई चोरों को देख पाया। ऐसे में इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है।

थाना कोतवाली क्षेत्र के अहमद अली तालाब निवासी अफजल पुत्र खलील की मिशन मार्केट में रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान है। रोज की तरह अफजल रात को दुकान बंद करके घर लौट गए थे। सुबह राहगीरों ने देखा कि दुकान का शटर टेढ़ा-मेढ़ा है और आधा खुला हुआ है। उन्होंने तुरंत अफजल को इसकी सूचना दी। जब अफजल मौके पर पहुंचे तो देखा कि काउंटर में रखी करीब 40 से 50 हजार रुपये की कीमत की ब्रांडेड पैंट-शर्ट गायब हैं। इस घटना में चोर बड़ी ही सफाई से शटर को मोड़कर अंदर घुसे और माल समेटकर निकल गए। चोरों की चालाकी का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उन्होंने शटर का ताला तक नहीं तोड़ा, जिससे कोई आवाज न हो। बल्कि शटर को किनारे से मोड़ते हुए इतनी जगह बना ली कि वे अंदर घुस सकें। उन्होंने दुकान में बिना कोई तोड़फोड़ किए सिर्फ कीमती कपड़े समेटे और निकल गए।

अफजल की दुकान के बगल में अबरार हुसैन की भी दुकान है। चोरों ने उनकी दुकान का भी शटर तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हो सके। शायद किसी वजह से समय की कमी या किसी की आहट ने उन्हें रोक दिया। इस घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस मिशन मार्केट में यह घटना हुई, वह अयूबखां पुलिस चौकी से मुश्किल से 500 मीटर की दूरी पर ही है।

## विधायक ने गंभीर बीमारी के इलाज हेतु दिलाई आर्थिक सहायता



**बुलंदशहर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खुर्जा भाजपा विधायक मीनाक्षी सिंह के अथक प्रयास से खुर्जा विधानसभा के निम्नलिखित सम्मानित निवासियों के लिए कैंसर एवं अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए ह्लमुख्यमंत्री विवेकाधीन कोषह्व से कुल दो लाख पचास हजार रुपये (2,50,000/-) की धनराशि उपलब्ध कराने के लिए माननीय मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। आपको बता दें खुर्जा विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक मीनाक्षी सिंह अथक प्रयास से क्षेत्र के रविंद्र शर्मा (छत्ता देवीदास खुर्जा)- 2,00,000/- रुपये तथा ब्रिजेश कुमार (ग्राम जरारा) 50,000/- रुपये को गंभीर बीमारी के इलाज के लिए मुख्यमंत्री द्वारा देने पर आभार व्यक्त किया है।

# बरेली को रेलवे का तोहफा: बरेली होकर चलेंगी 10 नई स्पेशल ट्रेनें

**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**

**बरेली।** दीपावली और छठ पूजा पर घर लौटने वालों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। जिसकी वजह से ट्रेनों में टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। रिजर्वेशन खुलते ही कुछ घंटों में 'नो रूम' की स्थिति हो रही है। ऐसे में यात्रियों की परेशानी कम करने के लिए रेलवे ने एक अहम कदम उठाया है। त्योहारों के सीजन को देखते हुए रेलबे ने बरेली होकर 10 नई स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। अब तक बरेली होकर गुजरने वाली 44 विशेष गाड़ियों का ऐलान हो चुका है। नई घोषणाओं में आनंद विहार से जोगबनी, दिल्ली से सीतामढ़ी, नई दिल्ली से गोरखपुर, सहरसा और पूर्णिया के लिए विशेष ट्रेनें शामिल हैं। इनमें से कई ट्रेनें हफ्ते में दो से चार दिन चलेंगी और बरेली होकर गुजरेंगी।

जहां इन नई ट्रेनों का ऐलान यात्रियों के लिए राहत की खबर है, वहीं कई पुरानी ट्रेनें अभी भी समय पर नहीं चल रही हैं। जो चिंता का सबब है। आपको बता दें कि मंगलवार को सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस (12203) पूरे आठ घंटे की देरी से बरेली पहुंची। इसी तरह हमसफर एक्सप्रेस, कोलकाता एक्सप्रेस, राज्यरानी एक्सप्रेस, बीकानेर सुपरफास्ट, शहीद एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस, नौचंदी एक्सप्रेस और अयोध्या एक्सप्रेस भी देरी से बरेली पहुंचीं।

हालांकि हरिद्वार-मोतीचूर के बीच भूस्खलन से बाधित हुआ रेल संचालन मंगलवार को दूसरे दिन सामान्य हो गया। अब ट्रेनें अपने समय पर चल रही हैं। सुरक्षा को देखते हुए इस ट्रैक पर 20 किमी प्रति घंटे की स्पीड लिमिट रखी गई है। मंगलवार को प्रयागराज-ऋषिकेश एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस, हावड़ा-ऋषिकेश एक्सप्रेस और अमृतसर-देहरादून एक्सप्रेस तय समय पर चलीं।

# कैंट क्षेत्र की सफाई व्यवस्था व अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर सीईओ ने लिये कड़े फैसले

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** गांधी बाग की चरमराई व्यवस्था को लेकर स्टाफ में तब्दीली की गई पीएसओ व अन्य कर्मी लगाएं पुरानी व्यवस्था ध्वस्त होते ही 72 कमीयों की परेड होने लगी। अतिथि बैंकेट हाल की ऊपरी मंजिल पर कैंट बोर्ड ने अपना कब्जा कर लिया है जो लगभग पंद्रह सालों से ठेकेदार ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ था बता दें सीईओ की सुझबुझ से इस काम को अंजाम दिया गया है आगे अतिथि भवन के ग्राउंड फ्लोर को कब्जा मुक्त को लेकर विभाग एक्टीव हो गया है नये कानूनी सलाहकार/ एडवोकेट का चयन किया गया है। मंगलवार को वीर अर्जुन संवाददाता से बातचीत करते हुए मेरठ कैंट मुख्य अधिशासी अधिकारी जाकिर हुसैन ने दी । श्री हुसैन ने कहा



नव नियुक्त ज्वाइंट सीईओ हर्षिता चमड़ियां के आने से उन्हें अब कैंट की जनता की समस्यो को सुनने व निस्तारण का समय अधिक मिलेगा। सफाई व्यवस्था आ रही शिकायत पर अपने सुपरवाइजरो को निर्देश दिए जा चुके हैं कि प्राईवेट कंपनी द्वारा की जा रही साफ-सफाई पर निगरानी रखें और पब्लिक की शिकायत का मौके पर निस्तारण करायें, वहीं उन्होंने नालों की सफाई को लेकर उनके द्वारा बड़ा फैसला लिया गया है ऊपर से बंद किए नाले नालीयों से अतिक्रमण हटाया जायेगा साथ ही पेयजल सप्लाई समय पर उपलब्ध न होने जैसी समस्या की जानकारी मीडिया में आई खबरें व शिकायत से मिली है उसके निस्तारण के साथ एजेंसी ठेकेदार पर कार्रवाई की बात कही उन्होंने महसूस किया बहारी ठेकेदार होने के कारण मौके पर मौजूद नहीं रहता है स्टाफ के हालात आप सब जानते है। मैट्रो प्रोजेक्ट को लेकर बताया 57 करोड़ रूपया आरटीजीएस रैपीड ट्रेन द्वारा रक्षा मंत्रालय को भेजा गया था जिसके अंतर्गत कैंट बोर्ड द्वारा उनके प्रोजेक्ट पर कार्य किया जाना था बताया कैंट बोर्ड इस कार्य क्षेत्र से बाहर है इसके लिए सीडब्ल्यूई एमई एस आदि विभाग शामिल हैं।

# जीआईसी सभागार में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ने विकसित भारत विजन 2047 के लिए दिए सुझाव

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बेसिक शिक्षा में सुधार के लिए बरेली के राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार ने अपने सुझाव दिए हैं। उन्होंने सबसे पहले अंग्रेजी माध्यम के परिषदीय स्कूलों को बंद किए जाने का सुझाव देते हुए कहा है कि क्योंकि हिन्दी माध्यम के प्राथमिक विद्यालयों के पड़ोस से बच्चे अगर कक्षा 6 इंग्लिश मीडियम में पढ़ने आते हैं तो वह नहीं पढ़ पाते और दूसरा हिंदी मीडियम विद्यालय काफी दूर होता है, तो वहां जा नहीं पाते। इसलिए उनकी शिक्षा बाधित होती है।

वहीं पुस्तकों को प्रत्येक वर्ष नहीं बदलना चाहिए, इससे धन हानि होती है। बहुत सारी पुस्तक विद्यालय में शेष रह जाती हैं जिनका उपयोग नहीं हो पता और कुछ बच्चे अपनी अच्छी नवीन क्वालिटी की पुस्तक दूसरों को डोनेट करना चाहते हैं वह भी नहीं कर पाते। इसी के साथ उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि भवन निर्माण किसी एजेंसी के माध्यम से कराया जाए, प्रधानाध्यापक को इसमें व्यस्त ना रखा जाए।

संकुल बैठक उद्देश्य हीन होती चली जा रही हैं, इनका समय विद्यालय के समय में ही हो और अध्यापकों को बच्चों के सामने प्रस्तुतीकरण का मौका दिया जाए, इतने लंबे समय तक अध्यापक विद्यालय में नहीं बैठ पाते हैं और संकुल बैठक बिना लक्ष्य प्राप्त करें ही खत्म हो जाती हैं। एक किलोमीटर की परिधि में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर तत्काल रोक लगाने के साथ जिस अधिकारी के अनुमोदन के बगैर मानक के यह मान्यता न दी जाए यदि ऐसा होता है तो दोषियों पर पर कार्रवाई भी हो।

अध्यापकों को पुरानी पेंशन वापस दी जाए अगर भारत के उपराष्ट्रपति जी को तीन-तीन पेंशनों की जरूरत है तो अध्यापक को क्यों नहीं ? विद्यालय में स्मार्ट क्लास बना तो दिए गए हैं लेकिन इससे संबंधित कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया है, इसलिए अध्यापकों को दिक्कत आती है कंपोजिट विद्यालय इंग्लिश मीडियम जोगीठेर के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार ने कहा है अगर इन बिंदुओं पर गौर किया जाए तो निश्चित ही बेसिक शिक्षा की तस्वीर बदल सकती है।

# सभी सड़के गड्ढमुक्त हो इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य करे विभाग: डीएम

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जनपद की सड़कों को गड्ढा-मुक्त बनाने हेतु विशेष समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के सख्त निर्देश दिए।बैठक मेंसड़क मार्ग से सम्बंधित ग्रामीण निर्माण विभाग, लोनिवि,,पीएमजीएसवाई, ब्रिडकुल राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बीआरओ के अधिकारियों ने भाग लिया।

जिलाधिकारी ने बैठक में सभी अधिकारियों को सड़कों को गड्ढामुक्त करने, और कोताही बरतने पर सख्त कार्रवाई कीचेतावनी दी।और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग रोस्टर के अनुसार गड्ढे भरने का कार्य करें और टेंडर प्रक्रिया समय से पूर्व पूरी करें, ताकि कार्यों में विलंब न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य का सही प्रलेखन रखा जाए और गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सड़कों पर कहीं भी गड्ढे शेष नहीं रहने चाहिए और कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। ह्यसुराग पुल का कार्य लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़कें आमजन की जीवन रेखा हैं, अतः सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि जनता को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सड़कें उपलब्ध हों।

बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, सीडीओ आरसी तिवारी, एसडीएम कांडा ललित मोहन तिवारी, कपकोट अनिल सिंह रावत, गरूड़ और बागेश्वर एसडीएम प्रियंका रानी, डीएसटीओ दिनेश रावत, ईई लोनिवि संजय पांडे, पीएमजीएसवाई अम्बरीष रावत, आरडब्ल्यूडी संजय भारती, वाप्कोस विशन लाल, डीडीएमओ शिखा सुयाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई तीन घायल

**कांधला।** कस्बे के एलम बाईपास मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।बाइक के डिवाइडर से टकराने से बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

कस्बे के बिजली घर रोड निवासी अरमान अपने साथी साकिब व रिहान के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बड़ौत जा रहे थे, जैसे ही तीनों युवक एलम बाईपास पर पहुंचे तो बाइक के अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। बाइक के डिवाइडर से टकराने से तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को देने के साथ 108 एंबुलेंस को दी।सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तीनों घायलों को कस्बे की राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया।

# विधायक पार्वती दास ने धुराफाट वासियों को दिलायी पेयजल समस्या के समाधान के लिए दी चार करोड़ 73 लाख की सौगात

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर।** विधानसभा क्षेत्र के काफलीगैर तहसील के धुराफाट क्षेत्र के दर्जनों गांव की पेयजल समस्या के समाधान के लिए क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास औ? दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट के प्रयासों से सरयू नदी से बनी धुराफाट पम्पिंग योजना के पुनर्गठन को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार करोड़73 लाख की सौगात दी है।धुरफाट क्षेत्र के लिए बनी पम्पिंग योजना आए दिन खराब रहने से पेयजल योजना मात्र शो पीस बनकर रह गई थी।

वही क्षेत्रीय लोगों द्वारा लगातार पेयजल संकट दूर किए जाने की मांग क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास से की जा रही थी।जिसके बाद विधायक पार्वती दास ने इसे अपनी प्राथमिकता में रखते हुए क्षेत्रवासियों को जल्द क्षेत्र के लिए पूर्व में बनी पेयजल योजना का पुनर्गठन किए जाने का आश्वासन दिया था।वही पूर्व में भाजपा जिलाध्यक्ष रहे औ? पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय चंदन राम दास के सबसे करीबी और वर्तमान में दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट द्वारा भी शी लोगों को जल्द योजना को स्वीकृति दिलाने का भरोसा दिया गया था।

वही पूर्व में विधायक,और दर्जा मंत्री सहित विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास और युवा नेता गौरव दास द्वारा मुख्यमंत्री से शिस्टाचार भैंट कर क्षेत्रवासियो की पेयजल समस्या के समाधान हेतु योजना के पुनर्गठन हेतु स्वीकृति की मांग की गई।जिसके बाद मुख्यमंत्री ने योजना के पुनर्गठन हेतु चार करोड़ 73 लाख की धनराशि को स्वीकृति दी है। वही योजना को स्वीकृति मिलने परअसौ जिपं सदस्य कुंदन प्रसाद,भाजपा नेता हयात सिंह मेहता, क्षेपं सदस्य बोहाला बहादुर सिंह मेहता क्षेपं सदस्य पाना सुंदर लाल,व असौ सहित कभड़ा क्षेपं सदस्य कमल बिष्ट सहित पूर्व जिपं सदस्य चन्दन रावत,गोविन्द मेहता, कुंदन रावत, रेखोली प्रधान सरस्वती देवी, पूजा मिश्रा, केशव लाल बोहाला प्रधान मोहन सिंह असवाल,आदि ने क्षेत्रीय विधायक सहित मुख्यमंत्री का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है।

# बाघराय पुलिस ने पच्चीस हजारी अपराधी को किया गिरफ्तार



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** बाघराय थानान्तर्गत पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी राजकुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ गोवध निवारण, पशु क्रूरता, धमकी और मारपीट समेत गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल सात मुकदमे दर्ज हैं।थाना अध्यक्ष श्रवण कुमार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इनामी अपराधी गलगली मोड़ पुलिया के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अपराधी को देखते ही वह भागने लगा।पुलिस कांस्टेबल सौरभ शर्मा ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।पकड़े गए अपराधी की पहचान जगन्तु के पुत्र राजकुमार के रूप में हुई। यहा गौरतलब है कि प्रतापगढ़ पुलिस कप्तान डा अनिल कुमार और सी ओ करिश्मा गुप्ता के निर्देशन मे एस ओ बाघराय अपराधियों की लगातार कमर तोड रहे है । बाघराय थाने की कमान संभालने के बाद से श्रवण कुमार ने अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई से नित नये अपराधी को उसकी अवकात बता रहे है ? ।

# धूमधाम से मनाई पं गोविन्द बल्लभ पंत जयंती

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिले में भारत रत्न, महान स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पं. गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई सहित एसपी सीडीओ और अन्यअधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने जिला मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी तिराहे पर पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात वे भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत समारोह समिति द्वारा पंत चौक बाजार में आयोजित कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या ने और जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वहां के वातावरण को चार चांद लगा दिए।नगर के प्रमुख स्थल पर कार्यक्रम होने से वहां लोगों का हुजूम एकत्र होकर कार्यक्रम देखने लगे। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में तथा मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने विकास भवन में पंत जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या ने पं. गोविंद बल्लभ पंत को स्मरण करते हुए उनके योगदान को अमूल्य बताया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समारोह समिति तथा उपस्थित प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया।

नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने भी इस दौरान अपने संबोधन में पं. गोविंद बल्लभ पंत का स्मरण किया और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत केवल स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी ही नहीं, बल्कि कुशल प्रशासक, प्रखर वक्ता और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने समाज की कुरीतियों को समाप्त करने में पं. गोविंद वल्लभ पंत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।जिलाधिकारी ने उनके शैक्षिक उपलब्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं को पंत जी के जीवन से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, टीम भावना तथा अनुसंधान व नवाचार की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# चेकिंग के दौरान मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के कब्जे से चरस बरामद की है।पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

एसपी शामली एन पी सिंह के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपने हमराह सिपाहियों के साथ कस्बे के बड़ी यमुना नगर पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया।

पुलिस ने युवक को रोककर पूछताछ की तो युवक कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। तलाशी लेने पर पकड़े गए युवक के कब्जे से 350 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई।पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नईम पुत्र बाबू निवासी सलेमपुर रोड कांधला बताया है।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर बुधवार को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से चरस बरामद हुई थी। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद करते हुए एक साथी चोर को किया गिरफ्तार



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी के निर्देश पर उप निरीक्षक विनोद कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों पर कार्यवाही करने के उद्देश्य से क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। उसी दौरान पुलिस को मुखबिर विशेष द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक युवक चोरी की बाइक के साथ थाना क्षेत्र के भुपियामाउ पल के पास मौजूद है ? ।मुखबिर विशेष के सूचना पर पुलिस तेज रफ्तार से सूचना स्थल पर पहुंची तो पुलिस को देखकर अभियुक्त भागने लगा ?। भाग रहे चोर को पुलिस ने दौड़कर किया गिरफ्तार किया । जिसका नाम नाम शिवम मिश्रा पुत्र त्रिभुवन नाथ मिश्रा बताया जा रहा है थाना देहात कोतवाली की कमान जब से प्रभारी निरीक्षक विजय सत्यार्थी ने संभाली है तब से लगातार अपराधियों पर ताबड़तोड़ हो रही है बड़ी कार्यवाही से अपराधियों में दहशत है ।

# इनर व्हील कर्तव्य के नेतृत्व में निशुल्क आई चेक अप कैंप लगाया गया



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** इनर व्हील कर्तव्य के नेतृत्व में अध्यक्ष दीपा जैन ने पॉल कॉलोनी ,साइन बाबा, द्वारिका मंदिर में निशुल्क आई चेक अप कैंप और महिलाओं से संबंधित समस्याओं का कैंप लगवाया ।जो कि कैंप में डॉक्टर जी.एस अर्गल एवं डॉक्टर उषा अर्गल ने चेकअप किया ।महिलाओ मरीजों को निशुल्क जांच एवं दवाइयां दी ।इस कार्यक्रम में बहुत से मरीजों को जो कि परेशान थे गरीब और समस्याओं से जूझ रहे थे । उन सभी लोगों का चेकअप किया और उनको दवाइयां फ्री दी गई है ।एवं जांच भी फ्री की गई। और जिन मरीजों का ऑपरेशन होना है उनका भी ऑपरेशन समय और दिन दिया गया ।महिलाओं को भी डॉक्टर उषा अर्गल दवाइयां भी दी ।और उन सभी महिलाओं की जांच भी की जो उनकी बीमारी के अनुसार थी ।इस कार्यक्रम में समाजसेवी अज्जू महरौलिया ने संचालन संभाला। इस कार्यक्रम में क्लब सदस्य शालिनी गुरबक्शनी, सारिका मल्होत्रा, ममता यादव, मिनी कंचन, मोनिका मित्तल रिक्की, सरिता मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# बेतवा नदी में डूबने से जीजा-साले की मौत

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** जनपद झांसी के मोंठ थाना क्षेत्र में खिरिया घाट के पास मंगलवार को परिवार के साथ पिकनिक मनाने निकले जीजा-साले की नदी में डूबने की घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। दोनों युवकों के लापता होने के बाद 24 घंटे तक चले लगातार सर्च ऑपरेशन के बाद बुधवार को कोतवाल अखिलेश द्विवेदी और उनकी टीम ने बेतवा नदी से दोनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए झांसी भेज दिया।

मोंठ कस्बा के मदारगंज मोहल्ला निवासी अरबाज (19) पुत्र वहीद खान और उनके जीजा आरिफ (21) पुत्र सुबराती, नबीपुर कानपुर देहात अपने परिवार के साथ मंगलवार को खिरिया घाट पर पिकनिक मनाने गए थे। इस दौरान आरिफ नदी में नहाने के लिए कूदा, जिसे डूबते देख अरबाज ने भी बचाव के लिए कूद लगाई, लेकिन तेज धार के कारण दोनों बेतवा नदी की गहराई में बह गए। साथ में पिकनिक मनाने आईं शाहीन, खुशी और जोया ने हिम्मत दिखाते हुए मदद के प्रयास किए, परंतु वह उन्हें बचा पाने में असमर्थ रहीं।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम अवनीश तिवारी, सीओ अजय श्रोत्रीय व कोतवाल अखिलेश द्विवेदी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बाढ़ राहत दल को सर्च ऑपरेशन के लिए नदी में उतारा गया।

कोतवाल अखिलेश द्विवेदी ने अपने अनुभवी दल के साथ लगातार सर्च अभियान चलाया। इस प्रक्रिया में बुधवार सुबह करीब 5 किलोमीटर दूर एरच थाना क्षेत्र के

**24 घंटे चले खोज अभियान के बाद शव बरामद**

टेहरका गांव के पास आरिफ का शव बरामद किया गया। इसके कुछ देर बाद अरबाज का शव घटनास्थल से करीब 500 मीटर आगे नदी के किनारे मिला। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए झांसी भेज दिए हैं।

मौके पर मौजूद परिजन दोनों मृतकों के अंतिम दर्शन के बाद गहरे शोक में डूब गए। मृतक आरिफ दो वर्ष पूर्व शादीशुदा था और अपनी ससुराल में किसी बीमारी के इलाज के लिए आया था। अरबाज मोटर मैकेनिक था और परिवार का भरण-पोषण वाहन चलाकर करता था। दोनों ही अपनी-अपनी परिवार की इकलौती संतान थे। घटना से मृतकों के परिजनों में भारी मातम छा गया है।

# भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती पर काव्य गोष्टी का हुआ आयोजन




**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती पर तहसील बार सभागार में पंत जयंती मनाई गई।साथ ही काव्य गोष्ठी का आयोजन कर वृक्षारोपण किया गया।पंत जयंती पर उन्हें याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर याद किया गया।

समारोह की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी में विभिन्न कवियों साहित्यकारों और समाजसेवियों ने प्रतिभाग किया।साथ ही पंत जी को याद करते हुए उनके सिद्धांतो का अनुसरण करने की बात कही गई। कवियों की काव्य श्रंखला ने वहां गागर में सागर भर दिया। कवियों की रस ताल छंद और काव्यकृति ने सबका मनमोह लिया।

कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। गोष्ठी के साथ साथ उनकी याद में तहसील बार सभागार के समीप वृक्ष मित्र किशन मलड़ा द्वारा निर्मित देवकी लघु वाटिका के सौजन्य से तहसील परिसर में वृक्षारोपण भी हुआ। इस दौरान काव्य गोष्टी में डॉ गोपाल कृष्ण जोशी, एड गोविन्द सिंह भंडारी,डॉ नेहा भाकुनी,केशवानन्द जोशी,मोहन चंद जोशी, दीप जोशी,डॉ राजीव जोशी,डॉ पुष्पा, विद्या त्रिफाठी, एड नवल किशोर , डॉ राजेन्द्र परिहार, त्रिभन राम, गोपाल सिंह बोरा, प्रकाश चन्द्र जोशी, इन्द्र सिंह परिहार, दलीप सिह खेतवाल, सुरेश जोशी,रमेश प्रकाश पर्वतीय, आदि मौजूद थे।

# शातिर चोर गिरफ्तार लाखों रुपए कीमत के चार मोबाइल बरामद

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गंगेरू मार्ग से एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने पकड़े गए चोर के कब्जे से लाखों रुपए कीमत के चार मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।



मंगलवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि कस्बे के गंगेरू मार्ग पर यूनिक इंटर कॉलेज के निकट एक चोर चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में खड़ा है।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचकर यूनिक इंटर कॉलेज के पास खड़े एक संदिग्ध युवक की घेराबंदी करते हुए हिरासत में ले लिया और थाने ले आई।पुलिस ने पकड़े गए शातिर चोर के कब्जे से चोरी किए गए लाखों रुपए कीमत के चार मोबाइल बरामद किए हैं।पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोर ने बताया कि उसने एक मोबाइल कस्बे के मोहल्ला खेल व तीन मोबाइल अलग-अलग स्थानों से चोरी किए हैं।

पुलिस पूछताछ में पकड़े गए शातिर चोर ने अपना नाम नवीन पुत्र महिपाल निवासी मोहल्ला शेखजादगान निवासी कांधला बताया है। पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़ा गया चोर शातिर किस्म का चोर है।पकड़े गए चोर के खिलाफ पहले भी चार मुकदमे पंजीकृत हैं।

# पुलिस ने चोरी के मामले से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उ0नि0 मनीष कुमार जायसवाल, का0 कृष्ण नारायण गौंड, का0 गिरिजेश कुमार, का0 अरुण कुमार ने बुद्धवार को 02 नफर अभियुक्त आजाद निषाद उर्फ बीरु निषाद पुत्र स्व0 प्रमोद निषाद निवासी महुआपार थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर, अभिषेक निषाद पुत्र अमरदीप निषाद निवासी महुआपार थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर को 01 अदद मोबाईल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साईकिल व 7500रु0 नगद के साथ कबीर चौरा मार्ग हाइवे काला गेट के पास से गिरफ्तार किया।

पहली घटनाः- दिनाँक 17.08.2025 को वादी श्री उमेश त्रिपाठी पुत्र स्व0 विजयनाथ त्रिपाठी निवासी ग्राम मानपुर नन्दौर थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना बखिरा पर बावत दिनाँक 16/17.08.2025 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा घर के दक्षिण तरफ से जंगला तोड़कर बक्से में रखा जेवरात, हार, टीका, मंगलसूत्र, 02 अंगुठी, 02 जेन्स अंगुठी, 01 चैन, झुमकी, झाला, करधन, हाथपलानी, 02 बच्चों का बाली, पाजेब, पायल, नथिया, खील व नगद 55000रु0 व वस्त्र बक्से का ताड़ा तोड़कर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना बखिरा पर मु0अ0सं0 309/2025 धारा 331(4), 305 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

दूसरी घटनाः- दिनाँक 10.09.2025 को वादी श्री रामसिंह यादव पुत्र बुधिराम निवासी सेमरा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनाँक 08.09.2025 को वादी के घर पास हाईवे के किनारे से मोटर साईकिल पर सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी का मोबाईल छपट्टा मारकर झीन लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था ।प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 827/2025 धारा 304(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।





# शहीद कमांडो प्रभात गौड़ का सैन्य सम्मान की साथ हुआ अंतिम संस्कार: बेटा - बेटी ने दी आखिरी सलामी

वेलकम इंडिया

प्रिंस कुमार राणा

**बुलंदशहर , ऊंचागांव :** जम्मू कश्मीर में शहीद हुए बुलंदशहर के कमांडो प्रभात गौड़ का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार पैतृक गांव पाली आनंदगढ़ी में किया गया।इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय और जब तक सूरज चांद रहेगा.. जैसे नारे लगाए।11 साल के बेटे ने शहीद प्रभात गौड़ को मुखग्नि दी। 46 साल के कमांडो प्रभात गौड़ आतंकियों के साथ हुए एनकाउंटर में शहीद हो गए थे।शहीद प्रभात गौड़ का पार्थिव शरीर बुधवार को अपने पैतृक गांव पहुंचा। शहीद हुए पति का शव देखकर पत्नी बेसुधद हो गई, वहीं दूसरी तरफ शहीद प्रभात गौड़ के बेटा - बेटी का भी बुरा हाल था।पिता किसी तरह खुद को संभल रहे थे, और शहीद प्रभात गौड़ के भाई के भी आंसु नहीं रुक रहे थे। इससे पहले शहीद कमांडो प्रभात गौड़ का पार्थिक शरीर सेना के वाहन से गांव पहुंचने से पहले आस पास के गांवों के युवाओं सहित लोग शहीद प्रभात गौड़ को अंतिम विदाई देने पहुंचे।जब शहीद प्रभात गौड़ की अंतिम यात्रा निकली तो सैंकड़ों से ज्यादा लोग सेना के वाहन के पीछे तिरंगा लेकर चले। शहीद बेटे प्रभात गौड़ को उनके बुजुर्ग पिता ने आखिरी सलामी दी, और शहीद के बच्चों ने भी पैर छूकर अंतिम विदाई दी। शहीद प्रभात गौड़ ने अमरगढ़ स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज सन1993में हाई स्कूल की परीक्षा पास की थी और सन 1998 में सेना में भर्ती हो गए थे विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने अपने विद्यालय के स्टाफ ने छात्र छात्रों के साथ मिलकर शहीद प्रभात के अंतिम यात्रा में नम आँखों से पुष्प वर्षा कर अंतिम विदाई दी विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि प्रभात गौड़.हमारे विद्यालय के पूर्व छात्र थे यह घटना हमारे लिए एक दुखद घटना भी है और गर्व का विषय भी है। जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुष्प चक्र अर्पित करते हुए शहीद प्रभात गौड को श्रद्धांजलि दी।शहीद के पार्थिव शरीर गांव में पहुंचने पर जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह ने पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्री गौड को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पैरा कमांडो के अधिकारियों द्वारा भी पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।परिजनों द्वारा भी पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तिरंगे को पार्थिव शरीर से उतारकर सम्मान के साथ लपेटकर श्री गौड के पिता को तिरंगा झंडा सौंपा गया। साथ ही शहीद के बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए राजकीय सम्मान के साथ मिलिट्री बैंड एवं बंदूक से सलामी दी गई । जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शहीद के परिजनों से भी वार्ता करते हुए सांत्वना दी गयी एवं दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।









## 8 सितंबर को शहीद हुए थे प्रभात गौड़

जम्मू कश्मीर के कुलग्राम में 8 सितंबर को आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से प्रभात गौड़ शहीद हो गए।वह जेसीओ पेरा कमांडो थे, और 27 साल पहले सेना में भर्ती हुए थे। और दो साल पहले उनकी तैनाती जम्मू कश्मीर में हुई थी।अभी उनका परिवार गाजियाबाद के राजनगर में रहता है। पत्नी मनोरमा बेटी सोनिका और बेटा खुशहाल के साथ रहती है।बेटी ग्रेजुसेन कर रही है, और बेटा खुशहाल कक्षा 5वीं में पढ़ाई कर रहा है।शहीद जवान प्रभात गौड़ के पिता सत्य प्रकाश गौड़ ने बताया कि सोमवार दोपहर सूचना आई थी कि आतंकियों से मुठभेड़ में उनके बेटे प्रभात गौड़ को गोली लग गई है।इसमें वह शहीद हो गए हैं। प्रभात गौड़ के शहीद होने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। प्रभात गौड़ की पत्नी मनोरमा बेहोश हो गई।प्रभात गौड़ के बड़े भाई राजुल कुमार गाजियाबाद में बिजनेस करते हैं। और छोटे भाई भी गाजियाबाद में ही प्राइवेट नौकरी करते हैं।प्रभात गौड़ के पिता सत्य प्रकाश गांव में अकेले रहते हैं।शहीद प्रभात गौड़ तीन भाईयों में तीसरे नंबर के थे।

## भाई बोले - 4 दिन पहले ही वीडियो कॉल पर बात हुई थी

बड़े भाई राजुल गौड़ ने बताया प्रभात गौड़ पिछले साल दिवाली पर गांव आए थे।वह चार वर्ष से श्रीनगर में तैनात थे।प्रभात गौड़ का एक जुलाई को ही प्रमोशन हुआ था।हम लोगों की अक्सर फोन द्वारा ही बात हुआ करती थीं।और अभी घटना से चार दिन पहले भी वीडियो कॉल पर बात हुई थीं। हमने उनसे कहा था कि कुछ खा पी लिया करो।और सेहत का ख्याल रखा करो।इस पर उन्होंने बताया कि मैं अखरोट खा रहा हूं।और उन्होंने हमें अपना ऑफिस भी दिखाया था।हमने पूछा कि तुम कहा हो, इस पर उन्होंने कहा था कि मैं ये नहीं बताऊंगा, हमने पूछा कि तुम ठीक हो तो उन्होंने कहा था कि मैं ठीक हूँ जिस विद्यालय में की थी पढ़ाई उसी विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने नम आंखों से पुष्प वर्षा कर दी अंतिम विदाई।

# कपिल चौधरी ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह को सौंपा चेक



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों के प्रति समर्पण की भावना से जुटे हुए हैं । कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए जो भी उनसे बन रहा है मदद कर रहे हैं ।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए जनपद गाजियाबाद के युवा राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व अध्यक्ष कपिल चौधरी ने भी चेक देकर अपना सहयोग किया। यह एकजुटता का प्रतीक है और दिखाता है कि राष्ट्रीय लोकदल पीड़ितों के साथ खड़ा है ।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव राजस्थान के प्रभारी पूर्व सांसद मलूक नागर ने 10 लाख रुपए का चेक दिया है। चौधरी जयंत सिंह जी के नेतृत्व में सेवा कार्य-राष्ट्रीय लोकदल के नेता और कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। आइए हम सब मिलकर इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों की सहायता करें।

# मोदी कॉलेज के छात्रों का भारतीय मानव ब्यौरा की द्वितीय एक्टिविटी में हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ केएन साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में भारतीय मानक ब्यूरो की द्वितीय एक्टिविटी क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 90 छात्रों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ प्रतिभाग किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में क्विज का आयोजन किया गया।इसमें भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन सचिन प्रताप गुप्ता व मैटर रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव वर्मा ने भारतीय मानक ब्यूरो के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने गैस सिलेंडर मे व हेलमेट पर क्विज कंपटीशन कराया और इससे पहले छात्रों को उसके स्टैंडर्ड के बारे में विस्तार से समझाया। कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि भारतीय मानव ब्यौरा छात्रों को जूनियर वैज्ञानिक बनाने की दिशा में जानकारी देने में सफल रहा है।वे छात्रों को जागरुक कर रहा है। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 11 के दो छात्र कुनाल 11ब4 ,रिहान 11 ब 6 प्रथम स्थान प्राप्त कर मोमेंट व हजार रुपए की नगद धनराशि प्राप्त की द्वितीय स्थान पर कक्षा 11 ब4 के छात्र भाविक व कक्षा 10 के छात्र सुमित ?700 की नगर धनराशि व मोमेंट प्रधानाचार्य से सम्मान में प्राप्त किया तृतीय स्थान पर कक्षा 10 के छात्र आयुष कश्यप व माधव ने500 की धनराशि व मोमेंटो प्रधानाचार्य द्वारा सम्मान में प्राप्त किया। इस प्रकार प्रधानाचार्य जी ने भारतीय मानक ब्यूरो रिसोर्स पर्सन सचिन प्रताप जी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। भारतीय मानक ब्यूरो ने प्रधानाचार्य जी को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और मैटर राजीव वर्मा को भारतीय मानव ब्यूरो द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान प्रवक्ता श्री राजीव वर्मा ने बताया कि भारतीय मानव ब्यूरो साल में चार गतिविधियां करता है। जिनके माध्यम से छात्रों को जागरुक कर रहे हैं। हमारे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी सपना है कि हमारे यहां मानकीकृत उत्पादों का ही सभी लोग उपयोग करें जिससे उनकी गुणवत्ता और शुद्धता दोनों एक साथ सभी भारतवासियों को मिल सके इस अवसर पर कॉलेज का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में नवनिर्मित कैंटीन का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में आज नवनिर्मित कैंटीन का उद्घाटन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कैंटीन का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में दीपक सर और काजल मैडम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी संकाय सदस्य एवं स्टाफ शिक्षकगण भी शामिल हुए और उद्घाटन समारोह को गरिमामय बनाया।

उद्घाटन के पश्चात प्राचार्या महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कैंटीन छात्राओं को स्वच्छ, पौष्टिक एवं संतुलित भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि छात्राएँ इसका लाभ उठाकर स्वास्थ्य के प्रति और अधिक जागरूक होंगी। इस अवसर पर अतिथियों ने भी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कॉलेज प्रबंधन द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राष्ट्रीय लोकदल ने प्रदेश महासचिव रणवीर दहिया को सिवालखास विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल ने अपने प्रदेश महासचिव रणवीर दहिया को सिवालखास विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है।इस नियुक्ति के बाद रालोद कार्यकताओं ने रणवीर दहिया का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों और विधानसभा के लोगों ने कहा कि इस नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। रणवीर दहिया ने कहा कि वह चौधरी जयंत सिंह द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बखूबी अंजाम देंगे और जनपद मेरठ में सबसे अधिक सदस्य सिवालखास विधानसभा से बनाकर भेजेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल (सामाजिक न्याय मंच) संगीता दोहरे ने कहा कि सदस्यता अभियान को गति देने के लिए प्रत्येक समाज में घर-घर जाकर राष्ट्रीय लोकदल की रीति-नीति का प्रचार और प्रसार करके सदस्य बनाए जाएंगे।इस मौके पर रणवीर सिंह दहिया, संगीता दोहरे, आतिर रिजवी, क्षेत्रीय महामंत्री योगेन्द्र पतला, जिला प्रभारी गौरव जिटोली, क्षेत्रीय महामंत्री संजय पनवाड़ी, सतेंदर तोमर, जयराम एडवोकेट, सचिन चौधरी, प्रदेश महामंत्री किसान प्रकोष्ठ मोनू ढिडाला, के.पी दहिया, पप्पू घनघस, दीपक चौधरी, भूपेन्द्र सिंह दहिया, सूरज पाल सिंह, जितेंद्र सिंह, अंकेश सुरान, लाला शर्मा, इंदर शर्मा, टुननू, डा रूघगे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तीन दिवसीय धार्मिक एवं राजनीतिक यात्रा

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान की अगुवाई में तीन दिवसीय धार्मिक एवं राजनीतिक यात्रा गरिमामयी माहौल में सम्पन्न हुई। गाजियाबाद से शुरू हुई यह यात्रा लखनऊ, अयोध्या और गोरखपुर तक पहुंची। यात्रा का उद्देश्य महान संतों, धर्मगुरुओं और समाज सेवा के पथप्रदर्शकों को नमन करना तथा संत-परंपरा से जुड़े आयोजनों में सक्रिय सहभागिता निभाना रहा।

यात्रा का पहला पड़ाव राजधानी लखनऊ रहा, जहां ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान अंगवस्त्र और भगवान श्रीराम का स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इसके उपरांत ऊर्जा मंत्री एवं शहरी विकास मंत्री ए.के. शर्मा से आत्मीय भेंटवार्ता हुई और उन्हें भी धार्मिक परंपरा के अनुरूप सम्मानित किया गया। लखनऊ प्रवास के दौरान शर्मा हनुमान ने मनकामेश्वर सिद्ध मंदिर जाकर महंत दिव्यागिरी से आशीर्वाद लिया। इसके बाद यात्रा का दूसरा पड़ाव अयोध्या धाम रहा। यहां श्रीरामलला के दर्शन के साथ हनुमानगढ़ी में पूजन-अर्चन किया गया। ब्रह्मऋषि विभूति ने कहा कि अयोध्या की आध्यात्मिक धारा भक्तों को नया उत्साह और संकल्प प्रदान करती है। उन्होंने इसे संत परंपरा और राष्ट्रीय अस्मिता का ऐतिहासिक केंद्र बताया। तीन दिवसीय यात्रा का अंतिम पड़ाव गोरखपुर रहा। यहां गोरक्षपीठ की ओर से महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं और राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सप्ताह में उन्होंने सहभागिता निभाई। इस आयोजन की शुरूआत अखंड ज्योति प्रज्वलन और शोभायात्रा से हुई थी, जबकि प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका वाचन अयोध्या धाम के जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेशाचार्य महाराज कर रहे हैं। गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर ब्रह्मऋषि बीके शर्मा, विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव रघुनंदन भारद्वाज ने मंदिर सचिव द्वारिका प्रसाद तिवारी से मुलाकात की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सान्निध्य का भी सौभाग्य प्राप्त किया। उन्होंने महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि धर्म, संस्कृति, शिक्षा, चिकित्सा और समाज सेवा में उनका कार्य देशभर में सामाजिक पुनर्जागरण का आधार है। उन्होंने उन्हें राष्ट्रीय धरोहर और समाज सुधार के युगपुरुष बताया।

## कृषक महिला उद्यमी नीलम त्यागी को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए इंटरनेशनल अवार्ड नवाजा गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एन ए एस सी कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली में आईसीएआर, बी आई एस एम वर्ल्ड फूड प्राइस फाउंडेशन, समिट के संयुक्त तत्वाधान में 02 दिवसीय इंटरनेशनल कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 400 प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिनमें लगभग 30 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, मेक्सिको, नेपाल, बांग्लादेश भूटान और श्रीलंका देश शामिल थे। इस कार्यशाला में मुरादनगर गाजियाबाद की रहने वाली श्रीमती नीलम त्यागी संस्था सचिव एलजेकेएसएस एवं कृषक महिला उद्यमी को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए इंटरनेशनल अवार्ड ररडॉ नॉर्मन ई बोरलॉग इन्नोवेटिव फार्मर अवार्ड 2025 से नवाजा गया। श्रीमती त्यागी द्वारा 23 वर्षों से कृषि कार्य व अन्य क्षेत्रों में परिवार की जिम्मेदारी के साथ पूर्ण लगन से कृषि क्षेत्र में अपना योगदान दिया उनके द्वारा 12000 बेरोजगार युवाओं को कृषि क्षेत्र में रोजगार दिया गया है। और 300 स्वयं सहायता समूह की 4500 महिला किसान एवं 5000 किसानों को सीधे मार्केट से जोड़कर रोजगार मुहैया कराकर सीधे मार्केट से जोड़ा गया एवं गन्ने के साथ सहफसली खेती कर नितारा ब्रांड की फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की गई। जिसमें किसानों से कच्चा माल खरीदा जा रहा है और किसानों के बच्चों को रोजगार दिया जा रहा है जिससे उन्हें खरीद व बेचने में मुनाफा हुआ है। यह अवार्ड इंटरनेशनल अवार्ड डॉ ब्रेम गोवार्ट्स महानिदेशक बोरलॉग (बीआईएसए) और समिट मेक्सिको व डॉ जूली बोरलॉग, सदस्य, वर्ल्ड फूड प्राइज फाउंडेशन और अध्यक्ष बोरलॉग फाउंडेशन, बोरलॉग कंसलटिंग अमेरिका तथा डॉ आर एस परोड़ा अध्यक्ष टी ए ए एस नई दिल्ली तथा डॉ भागमल सचिव टी ए ए एस नई दिल्ली के कर कमलों द्वारा अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## इंदिरापुरम की शिप्रा सन सिटी रोड से हटाया गया 15 साल पुराना अतिक्रमण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम ने इंदिरापुरम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में बड़ी कार्रवाई की है। शिप्रा सन सिटी रोड पर नाले के ऊपर बने लगभग 15 साल पुराने अतिक्रमण को बुधवार को ध्वस्त कर दिया गया। यह कदम महापौर सुनीता दयाल के सख्त निर्देश पर उठाया गया। इंदिरापुरम हाल ही में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से नगर निगम को हस्तांतरित हुआ है और तब से यहां सबसे ज्यादा शिकायतें अतिक्रमण की ही आ रही हैं। कुछ दिनों पहले स्थानीय महिलाओं और निवासियों ने महापौर को शिकायत दी थी कि नाले पर अवैध बाजार लगाया गया है, जिसकी वजह से नाले की सफाई तक संभव नहीं हो पा रही। शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि नाले से अतिक्रमण हटाया जाए। इसी क्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार ने अन्य अधिकारियों और स्थानीय पार्षद के साथ मिलकर कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने के दौरान कई जगह विरोध भी हुआ, लेकिन नगर निगम की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## राजनगर एक्सटेंशन की हम तुम रोड पर जीडीए की पहल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने राजनगर एक्सटेंशन की बहुचर्चित हम तुम रोड पर गड्ढों की मरम्मत का कार्य शुरू कर स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत दी है। उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर जोन-1 अनुभाग की टीम ने गिट्टी और जीएसबी डालकर सड़क को फिलहाल यातायात योग्य बनाया। इस रोड से जुड़ी आधा दर्जन से अधिक सोसाइटियों-निलाया ग्रीन, महकजीवन, राज विलास, दिया ग्रीन, संचार, मीडोज और मोती रेजीडेंसी के परिवार लंबे समय से प्राधिकरण से सड़क सुधार की मांग कर रहे थे।

करीब 2700 मीटर लंबाई की इस सड़क का स्थायी निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसके लिए टोटल स्टेशन सर्वे (टीएसएस) पहले ही पूरा हो चुका है। सोसाइटियों के निवासियों ने फिलहाल गड्ढों की मरम्मत कराने के लिए प्राधिकरण का आभार जताया है और पक्की सड़क बनने की उम्मीद जताई है। जीडीए ने राजनगर एक्सटेंशन की बंधा रोड को नूर नगर से जोडे वाली 18 और 24 मीटर चौड़ी सड़कों के निर्माण कार्य को भी रफ्तार दी है। किसानों से आपसी सहमति बनाकर भूमि का क्रय वर्तमान सर्किल रेट के दोगुने मूल्य पर किया गया है। अब तक करीब 7.5 करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों को चेक के रूप में वितरित किया जा चुका है और बड़ी संख्या में बैनामे प्राधिकरण के पक्ष में निष्पादित हुए हैं। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 42 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिनमें से 32 करोड़ रुपये प्रतिकर के तौर पर किसानों को दिए जाएंगे। जीडीए की योजना है कि बरसात के दौरान मिट्टी भराई का काम पूरा कर लिया जाए, ताकि मिट्टी बैठने के बाद पक्की सड़क का कार्य तेजी से कराया जा सके। 18 मीटर चौड़ी यह सड़क करीब 750 मीटर लंबी होगी, जबकि 24 मीटर चौड़ी सड़क की लंबाई लगभग 350 मीटर होगी। लंबे समय से किसानों के विरोध के कारण यह परियोजना अटकी हुई थी, लेकिन हाल ही में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में अहम फैसला लिया गया कि किसानों से भूमि का अधिग्रहण आपसी सहमति से दोगुने मूल्य पर किया जाएगा। यही वजह है कि अब 100 प्रतिशत किसानों ने सड़क निर्माण के लिए सहमति दे दी है। जीडीए की भू-अर्जन और अभियंत्रण अनुभाग की टीम ने स्थल निरीक्षण कर टीएसएस के आधार पर चिन्हांकन और पिलरिंग का काम भी पूरा कर लिया है। उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि क्षेत्र का सुनियोजित विकास और प्राधिकरण को राजस्व भी प्राप्त होगा।

## ज्ञान पूर्वक किया गया कर्म ही भवसागर से पार लगाता है : अशोक शास्त्री



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** श्री राम नाम सत्संग सेवा न्यास के तत्वाधान में आयोजित श्री सत नारायण भगवान की पावन कथा व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन गायत्री शक्ति पीठ गोविन्दपुरी के प्रांगण में किया गया पितरों को समर्पित पवित्र भाद्रपद पूर्णिमा तिथि के पावन अवसर प आयोजित इस अमृत कथा का वाचन मेरठ से पधारे श्री राम नाम सत्संग सेवा न्यास के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य अशोक शास्त्री के मुखारविंद से किया गया पूज्य शास्त्री जी ने श्री सत नारायण भगवान की अमर कथा का महत्व भावार्थ सहित समझाया शास्त्री जी ने बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में ज्ञानपूर्वक कर्म करना चाहिए और अपने जीवन में प्रभु उपासना को महत्वपूर्ण स्थान देना चाहिए अहंकार का त्याग करना चाहिए जिससे भवसागर से पार हुआ जा सकता है।कथा सत्संग कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर गुरुवंदना से किया गया इससे पूर्व शक्ति पीठ के ट्रस्टी कोषाध्यक्ष सुशील बिन्दल द्वारा राम नामी अंगवस्त्र व नगरपालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद वैशाली द्वारा पुष्प अर्पण कर पूज्य शास्त्री जी का स्वागत अभिनन्दन किया गया।कथा सत्संग कार्यक्रम में सद्गुरु देव द्वारा रामनाम की माला के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सरोवर कर दिया इस धार्मिक आयोजन में उपरोक्त सभी के साथ गुरुमाता संतोष शर्मा अनिल अग्रवाल दिल्ली वाले अनिल सिंघल देवेंद्र गर्ग विशाल गुप्ता प्रदीप वार्ष्णेय पंकज अग्रवाल प्रिन्स कंसल पराग जैन अक्षय शर्मा कुणाल अग्रवाल नीरज गुप्ता हिमांशु गुप्ता मोहित कुमार बालकिशोर त्यागी अशोक सिंघल नीलकंठ आशीष बिन्दल विपिन गर्ग नरेश अग्रवाल मनोज सिंघल दिनेश गुप्ता श्रीराम गोयल सतीश सिंघल अजय मित्तल चिराग पराग धर्मेंद्र भाटी रश्मि गुप्ता रीता वार्ष्णेय मोनिका अग्रवाल संगीता दारुका कुमारी नीतू श्रीकांत शर्मा शुशांत शर्मा सहित सैंकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे कथा व सत्संग कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## रजिस्ट्री ऑफिस में बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए लिफ्ट की मांग तेज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** तहसील कंपाउंड स्थित रजिस्ट्री ऑफिस में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग दस्तावेजों की रजिस्ट्री कराने पहुंचते हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या बुजुर्गों और दिव्यांग साथियों की होती है। इनकी सुविधा के लिए अब तक कोई ठोस इंतजाम न होने पर इंद्रजीत सिंह टीटू ने जिलाधिकारी से लिफ्ट लगाने की तत्काल व्यवस्था करने की गुहार लगाई है। टीटू का कहना है कि रजिस्ट्री कराने वाले परिवारों के साथ कई और सदस्य भी आते हैं, लेकिन बैनामा लेखकों के दफ्तर इतने छोटे हैं कि वहां आराम से बैठने की जगह तक नहीं मिलती। ऐसे में लोगों को लंबे समय तक असुविधा का सामना करना पड़ता है। इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि घुटनों के दर्द और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे बुजुर्गों के लिए पहली, दूसरी या तीसरी मंजिल तक सीढियों से चढा बेहद कठिन है। दिव्यांग साथियों के लिए तो यह और भी बड़ी चुनौती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर लिफ्ट की व्यवस्था जल्द नहीं की गई, तो किसी भी दिन कोई गंभीर हादसा हो सकता है। टीटू ने सरकार और राजस्व विभाग पर सवाल उठाते हुए कहा कि गाजियाबाद के लोग स्टांप ड्यूटी के रूप में सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व दे रहे हैं, सेक्टर रेट लगातार बढ़ चुके हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर यहां आने वाले लोगों को अब तक कुछ नहीं मिला। यह व्यवस्था बेहद अन्यायपूर्ण है।

## टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का हल्लाबोल

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** प्राथमिक शिक्षकों का एक विशाल जनसैलाब बुधवार को उमड़ा, जब उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले हजारों शिक्षक सड़क पर उतरे। शिक्षकों ने मांग उठाई कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को सेवारत शिक्षकों पर लागू न किया जाए। उनका कहना है कि यह परीक्षा केवल नई नियुक्तियों के लिए है, न कि पहले से कार्यरत शिक्षकों की सेवा और पदोन्नति की पात्रता जांचने के लिए। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है कि देश के सभी सेवारत प्राथमिक शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति पात्र होने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। जिन शिक्षकों की सेवा अवधि मात्र पाँच वर्ष बची है, उन्हें परीक्षा से छूट तो दी गई है, लेकिन पदोन्नति के लिए यह परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। वहीं बाकी शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी पास करने का आदेश है, अन्यथा उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाएगी। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा एक भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा है।

# हम तुम रोड पर जीडीए ने किया गडढे भरकर यातायात सुगम करने का काम किया शुरू

वेलकम इंडिया

- रोड से लगी सोसाइटियों के परिवारों के द्वारा गडढे भरे जाने का किया जा रहा था अनुरोध
- राजनगर एक्सटेंशन की प्रस्तावित हम तुम रोड के निर्माण में भी आएगी तेजी

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा प्राधिकरण से जुडी समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण की कडी.में दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में प्राधिकरण के जोन 1 अनुभाग के द्वारा राजनगर एक्सटेंशन की अति प्रमुख हम तुम रोड की मरम्मत का कार्य गिटटी जीएसबी डालकर गडढों की भराई का कार्य कराया गया। हम तुम रोड से लगी आधा दर्जन से अधिक सोसाइटियों में रहने वाले परिवारों के द्वारा प्राधिकरण से रोड की मरम्मत का कार्य किए जाने का अनुरोध किया जा रहा था। लगभग 2700 मीटर लम्बाई की हम तुम रोड के निर्माण का कार्य प्रस्तावित है, जिसके लिए टी एस एस किया जा चुका है। रोड से लगी निलाया ग्रीन, महकजीवन, राज विलास, दिया ग्रीन, संचार, मीडोज, और मोती रेजीडेंसी के परिवारों के द्वारा प्राधिकरण के द्वारा फिलहाल गडढे भरे जाने पर आभार जताया है। राजनगर एक्सटेंशन की बंधा रोड को नूर नगर से जोडने वाली 18 और 24 मीटर चौड़ी रोड के निर्माण कार्य भी अब रफतार पकडेगा। क्षेत्र के अनेक किसानों के द्वारा प्राधिकरण के पक्ष में बैनामें निष्पादित किये जा चुके है। इसी के साथ किसानों को लगभग साढे सात करोड की राशि के चेक सौंप दिए गए हैं। वैसे किसानों की सहमति के आधार पर प्राधिकरण के द्वारा हाल में रोड के निर्माण का कार्य आरंभ करा दिया था। रोड के निर्माण पर करीब 42 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। इसमें लगभग 32 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों को प्रतिकर के तौर पर भुगतान किया जाएगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का प्रयास ये है कि रोड पर मिटटी भराई आदि का कार्य बरसात के बीच पूरा करा लिया जाए, ताकि एक बार मिटटी के बैठने के बाद पक्की रोड के निर्माण का कार्य तेजी के साथ किया जा सकें। इनमें 18 मीटर चौड़ाई में लगभग 750 मीटर लंबी तथा 24 मीटर चौड़ाई में लगभग 350 मीटर लंबी है। इन रोड के निर्माण का कार्य एक लंबे समय से किसानों के विरोध के कारण आरंभ नहीं हो पा रहा था। किसानों के विरोध के मददेनजर हाल में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान ये अहम फैसला लिया गया कि किसानों से भूमि का क्रय वर्तमान सर्किल रेट के दोगुने मूल्य पर आपसी सहति से किया जाएगा।। ये एक ऐसे गांव है, जहां पर 100 प्रतिशत किसानों ने सडक निर्माण के लिए अपनी सहमति दे दी है। जल्द प्राधिकरण के पक्ष में किसानों के द्वारा बेनामें कर दिए जाएंगे। इससे पहले जीडीए की भू अर्जन और अभियंत्रण अनुभाग की टीम के द्वारा स्थल का निरीक्षण कर टोटल स्टेशन सर्वे टीएसएस के आधार पर भूमि के चिन्हाकंन का कार्य पूरा करते हुए किसानों की मांग पर 18 और 24 मीटर चैडी सडक के लिए पिलरिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स ने कहा कि सडक निर्माण से क्षेत्र को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और मानचित्र स्वीकृत कर क्षेत्र का सुनियोजित विकास भी होगा व राजस्व भी प्राप्त होगा, जिसका उपयोग अन्य सडकों के विकाय कार्य में किया जा सकेगा, जैसे हम तुम रोड प्रस्तावित कमिषनेरेट सडक और सिकरोड जैसे अन्य मार्गों पर भी निर्माण कार्य करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।




## जैन धर्म स्थानक (मंदिर) की ई-नीलामी पर डीआरटी कोर्ट ने लगाई रोक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित जैन धर्म स्थानक (मंदिर) की ई-नीलामी पर डेब्ट्स रिकवरी टिब्यूनल-प्रथम (डीआरटी) कोर्ट ने रोक लगा दी है। न्यायालय के राहत भरे आदेश पर जैन समाज ने खुशी जाहिर की है। मंदिर की नीलामी को लेकर जैन समाज ने सांसद से लेकर प्रधानमंत्री तक पत्र लिखे थे और नीलामी रोकने की मांग की थी। कविनगर के जैन धर्म स्थानक (मंदिर) को 12 सितंबर को ई-बोली के माध्यम से नीलाम करने की घोषणा पंजाब नेशनल बैंक की ओर से की गई थी। इसका जैन समाज विरोध कर रहा है। 12 साल पहले फर्म की गारंटी के रूम में स्थानक की जमीन के कागजात बैंक में गिरवी रखकर करोड़ों का लोन लिया गया था। इसका मामला भी सीबीआई ने पंजीकृत किया था। मामला अदालत में विचाराधीन है। बैंक की नीलामी के विरोध कर रहे जैन समाज की संघर्ष समिति के संयोजक डॉ अतुल कुमार जैन ने बताया कि स्थानक पिछले लगभग 35 वर्षों से भी अधिक समय से चल रहा है। चातुर्मास में उत्तर भारतीय प्रवर्तक सुभद्र मुनि महाराज और अमित मुनि महाराज चतुर्मास में ठहरे हैं। रोजाना धार्मिक क्रियाएं, णमोकार मंत्र का जाप, सामायिक और गुरुओं के प्रबचन (सत्संग), संस्कारों की शिक्षा धर्म सभाएं, मंगल पाठ इत्यादि चलते हैं। ऐसे में नीलामी को रोका जाना चाहिए।